www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

30 अप्रैल, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 190

पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड पाक का पूर्व एसएसजी मूसा




## पहलगाम हमला : खत्म होनेवाली हैं इंतजार की घड़ियां

# एक्शन के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने दी सेना को पूरी छूट

■ कहा : टारगेट, समय और तरीका तय करे सेना

■ पीएम की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक, रक्षा मंत्री राजनाथ, एनएसए डोभाल और सीडीएस चौहान रहे मौजूद

- गृह मंत्रालय में अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक
- सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक आज होगी


प्रधानमंत्री आवास में आयोजित हाई लेवल मीटिंग में पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल और सीडीएस जनरल अनिल चौहान और अन्य।


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेना प्रमुखों को आतंकवाद से निपटने के लिए खुली छूट दे दी है। आंतकवाद से निपटने का तरीका, टारगेट और समय उन्हें तय करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक की। प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान समेत तीनों सेना प्रमुख भी मौजूद हैं। भारत पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक स्ट्राइक कर चुका है। अब बड़े एक्शन की तैयारी है।

**जवाब देना राष्ट्रीय संकल्प:** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक डेढ़ घंटा चली। प्रधानमंत्री ने तीनों सेना प्रमुखों से कहा कि उन्हें आतंकवाद से निपटने के लिए खुली छूट है। पहलगाम हमले का करारा जवाब देना राष्ट्रीय संकल्प है। इसका तरीका, लक्ष्य और समय सेना तय करे। हमें सेना की क्षमता पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है। सेनाएं इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए स्वतंत्र हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद अब सेना रणनीति के तहत काम करना शुरू करेगी। खास बात यह है कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक बुधवार को बुलायी गयी है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर निर्णय लेने वाली सरकार की सर्वोच्च संस्था है। इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री की तीनों सेना प्रमुखों के सात हुई बैठक को अहम माना जा रहा है। कैबिनेट की बैठक में भी कुछ अहम फैसले लिये जाने की उम्मीद जतायी जा रही है।

### गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बल के प्रमुखों के साथ की बैठक

प्रधानमंत्री की बैठक से पहले मंगलवार को दिल्ली में गृह मंत्रालय में भी उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता गृह मंत्री अमित शाह ने की। इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, बीएसएफ, असम राइफल्स और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशक भी मौजूद थे। इसमें सीआपीएफ, एसएसबी और सीआइएसएफ के सीनियर अधिकारी भी शामिल हुए। ये सभी कवायद बुधवार को होनेवाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक से पहले हो रही है।

















# पाकिस्तान में बनेगा अलग सिंधुदेश, सिंध में जोरदार प्रदर्शन

## सिंधुदेश की मांग का मतलब सिंधियों के लिए अलग मातृभूमि का निर्माण

## जहां लोगों के साथ कोई भेदभाव ना हो, पाकिस्तान की सेना उन्हें टॉर्चर ना करे

भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अलग सिंधुदेश बनाने के लिए जोरदार प्रदर्शन शुरू हो गया है। लोग आपदा में अवसर तलाशने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा लग रहा है कि भारत के हमले का इंतजार कर रहे हैं, ताकि अलग-अलग प्रांत के लिए पाकिस्तान से टूटकर अलग देश का निर्माण कर सकें। सिंधुदेश की मांग का मतलब सिंधियों के लिए अलग मातृभूमि का निर्माण करना है, जहां लोगों के साथ कोई भेदभाव ना हो और पाकिस्तान की सेना उन्हें टॉर्चर ना करे। माना जा रहा है कि सिंधुदेश के निर्माण की मांग पाकिस्तान की सेना की दमनकारी नीतियों का परिणाम है, जिसपर पाकिस्तानी पंजाबियों का कंट्रोल है। पाकिस्तानी पंजाबियों ने देश के बाकी हिस्सों में रहने वाले लोगों, जैसे बलूचिस्तान में बलूचों, सिंध प्रांत में सिंधी और आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को सामाजिक और आर्थिक पैमाने पर हाशिये पर धकेल दिया है। सरकारी राजस्व का सबसे ज्यादा हिस्सा पंजाब पर खर्च किया जाता है, जबकि राजस्व देश के बाकी हिस्सों से जुटाये जाते हैं। आपको बता दें कि सिंधुदेश आंदोलन की शुरूआत 1950 के दशक में विवादित वन यूनिट प्लान के तहत पाकिस्तान की राजनीति के केंद्रीकरण से हुई थी, जिसमें सिंध, बलूचिस्तान, पाकिस्तान पंजाब और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत को 1955 में वेस्ट पाकिस्तान का 'सिंगल यूनिट' करार दिया गया था और पूर्वी पाकिस्तान (पूर्वी बंगाल) को अलग सिंगल यूनिट बनाया गया था।

### अलग सिंधुदेश बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है




जिस वक्त पूर्वी पाकिस्तान, यानि बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना क्रूरता कर रही थी, उस वक्त सिंध देश में भी पाकिस्तानी फौज आक्रामक अभियान चला रही थी। इस दौरान सिंध देश में एक अलग देश बनाने की मांग शुरू हो गयी थी। सिंधी राष्ट्रवादी इस अवधि को अपने इतिहास का सबसे काला युग मानते हैं, क्योंकि इसी दौरान पंजाबी मुसलमानों ने सिंध प्रांत को पूरी तरह से अपने कंट्रोल में ले लिया था। पाकिस्तान बनने के साथ ही सिंध देश बनाने की मांग शुरू हो गयी थी। इस दौरान पंजाबी मुसलमानों ने सिंध के लोगों पर ऊर्दू थोप दिया, ऊर्दू में ही पढ़ायी-लिखायी अनिवार्य कर दिया, जिससे सिंध के लोगों में भारी गुस्सा भर गया। लोगों का कहना है कि पाकिस्तानी सेना उनकी संस्कृति, उनकी पहचान और उनकी भाषा छीन रही है। वन-यूनिट योजना ने सिंध के लोगों की पहचान को बहुत खत्म कर दिया और ऊर्दू को अनिवार्य करने के बाद स्थिति और बिगड़ गयी। सिंध के लोगों को सरकारी नौकरी तभी मिल सकती है, जब उन्हें ऊर्दू आये। इन घटनाओं ने सिंधियों के बीच अलगाव की भावना को लगातार भड़काया है। गुलाम मुर्तजा सैयद, जिन्हें आधुनिक सिंधी राष्ट्रवाद का संस्थापक माना जाता है, उन्होंने पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना पर सिंध को विभाजित करने का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि कराची, जो सिंध की पहचना है, उसे अलग कर दिया गया और शहर को मुहाजिरों (भारत से गये मुसलमान) ने बर्बाद कर दिया है। विभाजन के बाद जो हिंदू भागकर भारत आ गये, उसका लाभ भी सिंध के लोगों को नहीं हुआ, क्योंकि उनकी संपत्तियों पर मुहाजिरों का कब्जा हो गया। इसके अलावा भारत से गये मुसलमानों को ऊर्दू आती थी, लिहाजा उन्होंने सिंध प्रांत के प्रशासन पर अपना कब्जा कर लिया। पाकिस्तानी सेना के क्रूर रवैये के खिलाफ कई संगठनों ने सिंधुदेश की स्थापना की मांग शुरू कर दी और आज की तारीख में सिंधुदेश लिबरेशन आर्मी (एसएलए), जय सिंध कौमी महाज (जेएसक्यूएम), जय सिंध मुत्तहिदा महाज (जेएसएमएम), जय सिंध छात्र संघ (जेएसएसएफ) जैसे संगठन अलग सिंधुदेश की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तानी फौज ने हजारों सिंधी युवाओं को गायब कर दिया, जैसा उसने बलूचिस्तान में किया है। लिहाजा अब अलग सिंधुदेश बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है, जिसका मकसद पाकिस्तान और पाकिस्तानी सेना से आजादी हासिल करना है।

# विपक्ष ने सरकार से विशेष सत्र बुलाने की मांग की

## पीएम को राहुल और खड़गे ने लिखा पत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले पर विपक्ष ने सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इस संबंध में प्रतिपक्ष के नेता राहु गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। राहुल गांधी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे समय में भारत को एकजुट होकर दुनिया को यह संदेश देना चाहिए कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकसाथ खड़े हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए पीएम मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री को लिखा पत्र सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि समय एकता और एकजुटता की जरूरत है। कांग्रेस चाहती है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना चाहिए। यह 22 अप्रैल को निर्दोष नागरिकों पर पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के खिलाफ हमारे संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन होगा। उधर, राजद सांसद मनोज झा ने पहलगाम हमले को लेकर विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी में झा ने कहा कि संसद हमारे गणतंत्र बड़ी आधारशिला है। यही वो सर्वोच्च जगह है, जहां हम लोकतांत्रिक विचारों को रखते हैं।

# पहलगाम हमला : कांग्रेस के 'पीएम गायब' पोस्टर पर विवाद

## जवाब में भाजपा की पोस्ट, 'पाकिस्तान के यार'






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिये बिना निशाना साधा है। कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कुर्ता-पायजामा पहने शख्स का सिर और उसके हाथ-पैर गायब हैं। इसके कैप्शन में लिखा है- जिम्मेदारी के समय गायब। कांग्रेस की इस पोस्ट को पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को हुई सर्वदलीय बैठक से जोड़कर देखा जा रहा है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी नहीं आये थे। कांग्रेस ने मांग की थी कि प्रधानमंत्री भी इसमें शामिल हों। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की थी।

उधर, पोस्टर वार में भाजपा के प्रवक्ता आरपी सिंह ने एक पोस्टर जारी किया। राहुल जैसी सफेद टीशर्ट पहने और गांधी टोपी लगाये व्यक्ति को पीठ पीछे चाकू लिए दिखाया गया है। इस फोटो को उन्होंने 'पाकिस्तान के यार' कैप्शन के साथ जारी किया है। उदर, पोस्ट पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस और आतंकियों की सोच एक जैसी है। कांग्रेस लश्कर-ए-पाकिस्तान है। पाकिस्तान के टावर से कांग्रेस का सिग्नल मिलता है। राहुल के सिग्नल पर ऐसा हो रहा है। पाकिस्तान में वाहवाही के लिए कांग्रेस ऐसा कर रही है।

# पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जायेगा। बेंच ने कहा कि व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिए जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनायी। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आयी।

# जम्मू-कश्मीर में 48 पर्यटन स्थल बंद किये गये

## राज्य सरकार ने लिया फैसला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जम्मू कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में राज्य सरकार ने सुरक्षा कारणों से 48 पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया है। साथ ही सभी पर्यटन स्थल पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं। इस बीच मंगलवार को किसी आपात स्थिति से निपटन के लिए जम्मू में एनएसजी और पुलिस मॉक ड्रिल भी की गयी। वहीं, पर्यटक बोले कश्मीर हमारा, सब सेफ हैं।

डोडा के भदरवाह में मंगलवार को पर्यटकों की की भीड़ नजर आयी। कई पर्यटकों ने यहां जमकर मस्ती की। पर्यटकों ने यहां पर तिरंगा भी फहराया। हालांकि, राज्य सरकार ने सुरक्षा कारणों के चलते 80 टूरिस्ट स्थानों में से 48 को बंद कर दिया है। वहीं, जम्मू में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और पुलिस ने मिलकर मॉक ड्रिल किया। यह ड्रिल पुरातन आप शंभू मंदिर परिसर और उसके आसपास के इलाकों में की गयी। अधिकारियों के मुताबिक, इसका मकसद किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा तैयारियों को परखना और मजबूत करना है। ड्रिल के दौरान सुरक्षाबलों ने यह अभ्यास किया कि अगर कोई आतंकी हमला या अन्य खतरा सामने आता है, तो तुरंत और प्रभावी तरीके से कैसे जवाब दिया जाये।

# बेहद खतरनाक है आतंकी संगठन हिज्ब उत-ताहिर की शबनम

## धनबाद से दबोचा था एटीएस ने, धार्मिक कट्टरता के घातक सबूत बरामद

**संदिग्धों के पास से अत्याधुनिक हथियार भी बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आतंकी संगठन हो या फिर उनके स्लीपर सेल, झारखंड अक्सर इन्हें लेकर बदनाम होता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश से लेकर देश के कई राज्यो में बम धमाकों में शामिल रहे संदिग्ध आतंकी झारखंड के विभिन्न शहरों से गिरफ्तार होते रहे हैं। लेकिन पहली बार झारखंड के धनबाद से एक संदिग्ध महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसके मोबाइल में विस्फोटक जानकारियां भरी पड़ी हैं। ये है धनबाद से गिरफ्तार शबनम। शबनम को आतंकी संगठन हिज्ब उत-ताहिर का एक बड़ा हैंडलर माना जा रहा है।

### शबनम में कूट-कूट कर भरी हुई है धार्मिक कट्टरता

भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत-ताहिर के झारखंड मॉड्यूल के खुलासे के बाद धनबाद के वासेपुर में हड़कंप मचा हुआ है। झारखंड पुलिस के एंटी टेररिस्ट स्कॉट ने पहली बार झारखंड से एक संदिग्ध महिला को गिरफ्तार किया है। 20 वर्षीय महिला बेहद खतरनाक बतायी जा रही है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि पहले तो शबनम शक की घेरे में नहीं थी, लेकिन जब उसके मोबाइल की जांच की गयी तो पूरी एटीएस की टीम भी हैरान हो गयी। आरोपी के मोबाइल में कई ऐसे तथ्य पाये गये हैं, जो बेहद आपत्तिजनक हैं। एटीएस की टीम ने संदिग्ध महिला के साथ इस मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसमें संदिग्ध शबनम का पति भी शामिल है। संदिग्ध के मोबाइल से जानकारी मिली है कि वह लगातार अपने आसपास के लोगों को भी जिहाद के लिए भड़का रही थी। अपने पति और बाकी गिरफ्तार संदिग्धों को भी उसी ने भड़काया था। शबनम के मोबाइल से एटीएस को कई अहम जानकारी मिली हैं।



उसके मोबाइल पर देश विरोधी मैसेज भी मिले हैं। एटीएस संदिग्ध के मोबाइल पर मैसेज भेजने वालों के बारे में जानकारी इक्कट्ठा कर रही है। साथ ही उसके दूसरे राज्यों या फिर विरोधी कनेक्शन के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

### देश विरोधी आर्टिकल्स पढ़ा करती थी

एटीएस की रेड में भारी मात्रा में देश विरोधी आर्टिकल्स भी बरामद किये गये हैं। इसके अलावा ऑनलाइन तरीके डार्क नेट से भी देश में कैसे जिहाद किया जाये, इस संबंध में भी कई जानकारियां हासिल हुई हैं। एटीएस ने हिज्ब उत-ताहिर संगठन से जुड़े जिन संदिग्धों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, उनमें धर्म के प्रति कट्टरता भरी हुई थी। उनके घर से मिले दस्तावेज ये बता रहे हैं कि वे किसी भी मसले में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के पक्षधर नहीं थे। धार्मिक मामले में सरकार के प्रति विरोध जताने के लिए वे लोगों को उग्र प्रदर्शन करने के लिए उकसाते थे, ताकि उनके संगठन का मकसद पूरा हो सके। एटीएस को जांच में यह पता लगा है कि धर्म के मामले में वासेपुर अली नगर निवासी गुलफाम हसन और भूली निवासी आयान जावेद भी कट्टर है। दोनों संदिग्ध 15 से 20 वर्ष के युवाओं का ब्रेनवाश करते थे। उन्हें देश की मौजूदा हालत के बारे में बताते और उन्हें देश विरोधी कार्य करने पर उकसाते थे। इस काम के लिए शबनम सबसे ज्यादा उन्हें प्रेशर देती थी।

### हथियार और दस्तावेज की जांच शुरू

एटीएस एसपी ऋषभ झा के अनुसार संदिग्धों के पास से दो बेहद उम्दा किस्म के हथियार बरामद हुए हैं। बरामद हथियार विदेशी है या देश में निर्मित है, इसकी भी जांच की जा रही है। एटीएस अफसरों के अनुसार संदिग्धों के पास से जब्त दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गयी है। गौरतलब है की झारखंड एटीएस ने हिज्ब उत-ताहिर संगठन से जुड़े चार संदिग्धों को शनिवार को धनबाद के वासेपुर से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों में धनबाद के वासेपुर अलीनगर से 21 वर्षीय गुलफाम हसन, भूली के आजाद नगर अमन सोसायटी से 21 वर्षीय आयान जावेद, शमशेर नगर गली नंबर-3 से आयान की पत्नी 20 वर्षीय शबनम परवीन और 20 वर्षीय मोहम्मद शहजाद आलम शामिल हैं।

# हजारीबाग में रहती हैं दो पाकिस्तानी दुल्हन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गये थे। इसके बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया है। सरकार ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का निर्देश दिया है। हजारीबाग जिले में दो पाकिस्तानी दुल्हन रह रही हैं। दोनों का लॉन्ग टर्म वीजा है, जो रिनुअल होने की प्रक्रिया में है। ऐसे में इसे लेकर संशय का बाजार गर्म है कि क्या दोनों बहू हजारीबाग में रहेंगी या इन्हें पाकिस्तान लौटना पड़ेगा।

हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने इस बाबत जानकारी दी है कि इसकी जानकारी पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग को दे दी गयी है। दोनों के आदेश का इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही आदेश निर्गत किया जायेगा, उसी अनुसार कदम उठाया जायेगा।

हजारीबाग में दो पाकिस्तानी दुल्हन हैं। इनमें एक बिहार के कैबिनेट मंत्री रहे कांग्रेस के कद्दावर नेता एचएच रहमान के छोटे भाई आजाद नगर हजारीबाग के सफीकुर्र रहमान की पत्नी

**किसी का 2014 से तो किसी का 2021 से लांग टर्म वीजा रिनुअल लंबित है**

**गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय के आदेश का है इंतजार : एसपी**

अनिका रहमान हैं। सफीकुर्र रहमान ने 1994 में अनिका रहमान से शादी की थी। इनका लॉन्ग टर्म वीजा 2014 तक था। 2014 के बाद इनका वीजा रिनुअल होने की प्रक्रिया में है। अनिका रहमान ने कहा कि पाकिस्तान में मायके में कोई नहीं है। पिछले 5 साल से पाकिस्तान नहीं गयी हूं।

शहर के पेलावल थाना क्षेत्र के बारी कॉलोनी निवासी मिराज अख्तर की पत्नी फातिमा तंजीम हैं। मिराज अख्तर ने बताया कि 2010 में उन्होंने पाकिस्तान की फातिमा तंजीम से शादी की थी। कहा कि आजादी के बाद परिवार बिखरे थे। फुफी पाकिस्तान में रह गयीं और वो लोग भारत आ गये। यह परिवार फिर से जुड़े यही सोचकर अपनी फुफी की बेटी से मैंने शादी की। बताया कि उनका लॉन्ग टर्म वीजा 2021 तक का था। आगे की रिनुअल प्रक्रिया में है। दोनों का परिवार हजारीबाग में बसा हुआ है।

हजारीबाग में लॉन्ग टर्म वीजा पर रह रहे लोगों का कहना था कि केंद्र सरकार ने लॉन्ग टर्म वीजा के रिनुअल का पूरा पावर राज्य सरकार को दे दिया है, लेकिन जब हम लॉन्ग टर्म वीजा का रिनुअल के लिए राज्य सरकार के पास जाते हैं, तो केंद्र के पास भेजा जाता है। केंद्र में जाते हैं, तो वहां कहा जाता है कि आप यहां क्यों आये हैं, सब कुछ राज्य में होगा। इसके कारण किसी का 2014 से तो किसी का 2021 से लॉन्ग टर्म वीजा रिनुअल लंबित है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों पाकिस्तानी दुल्हन के बच्चे भी हैं। सरकार इन्हें वापस जाने का आदेश देती है, तो क्या बच्चे उनके साथ वापस जायेंगे या फिर वह भारत में ही रहेंगे। इसे लेकर भी कई तरह की चर्चा हो रही हैं। बहरहाल हजारीबाग जिला प्रशासन, दोनों पाकिस्तानी दुल्हन और उनके परिवार वालों को गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय के आदेश का इंतजार है।

30 अप्रैल, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 190

आप मेडल के पीछे नहीं भागें, अपना बेस्ट दें, प्रेशर नहीं लेना है : डॉ सुनील खवाड़े



# पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड पाक का पूर्व एसएसजी

## इंटेलिजेंस एजेंसियों ने किया खुलासा : लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहा है एसएसजी कमांडर हाशिम मूसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले में मंगलवार को इंटेलिजेंस एजेंसियों ने बड़ी जानकारी दी। इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान का पूर्व एसएसजी कमांडर हाशिम मूसा है। मूसा अभी लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहा है। लश्कर ने ही उसे जम्मू-कश्मीर भेजा था, ताकि वह सुरक्षा बलों और गैर-कश्मीरियों पर हमलों को अंजाम दे सके। मूसा ने गांदरबल के गगनगीर में अक्टूबर 2024 में हमले को अंजाम दिया था। इसमें कई मजदूर और एक स्थानीय डॉक्टर की जान गयी थी। अटैक की जांच कर रही एनआइए लगातार सीन री-क्रिएशन कर रही है। एजेंसी आतंकियों की मदद करने वाले स्थानीय नागरिकों की तलाश में है। बताते चलें कि 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में हुए हमले में 26 पर्यटक मारे गये थे।







# भारतीय सेना और सीएपीएफ ने संयुक्त अभ्यास किया

**भारतीय सेना और सशस्त्र पुलिस बलों ने साथ मिल कर ऑपरेशनल तैयारियों को दिया धार**


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत एक्शन के मूड में है। पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए हर स्तर पर तैयारी चल रही है। जहां एयफोर्स द्वारा अभ्यास चल रहा है, वहीं सेना भी तैयारी में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय सेना ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के साथ संयुक्त अभ्यास किया। त्रिशक्ति कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया कि भारतीय सेना और सशस्त्र पुलिस बलों ने साथ मिल कर ऑपरेशनल तैयारियों को धार दिया है। हम हर चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इससे पहले सेना ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में गांव सुरक्षा समितियों के सदस्यों को भी खास ट्रेनिंग दी थी। यह ट्रेनिंग 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दी गयी।

# पाक रक्षा मंत्री के एक्स हैंडल पर रोक

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स हैंडल पर रोक लगा दी है। पहलगाम हमले के बाद ख्वाजा आसिफ का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान लंबे अरसे से आतंकी संगठनों को फंडिंग करता आ रहा है। बताते चलें कि भारत ने सोमवार को 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स भी बैन कर दिये थे।





























आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in






झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गोटेबोर्ग एबी (यूरोपीय उद्यमशीलता क्षेत्र 2020) में अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं प्रतिनिधिमंडल की मिस कैटरीना क्लास और इवीएस38 के आयोजकों द्वारा इवीएस38 में रणनीतिक सहयोग और झारखंड की भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया है। इ-मोबिलिटी में वैश्विक नवप्रवर्तन पर प्रकाश डालने वाला यह कार्यक्रम 19 से 22 जून 2025 तक स्वीडन के गोथेनबर्ग में होने वाला है।

# वैभव सूर्यवंशी के सीएम हेमंत सोरेन भी हुए फैन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी वैभव सूर्यवंशी के फैन बन गये हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में वैभव की पारी की प्रशंसा की। उनका वीडियो शेयर करते हुए लिखा शानदार, जबरदस्त, जिंदाबाद वैभव! बताते चलें कि वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में शतक लगाकर आइपीएल इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाया। इस युवा क्रिकेटर की पारी ने सबको चौंका दिया और अब उन्हें भारतीय टीम में शामिल किये जाने की चर्चा जोरों पर है।

## वैभव की विस्फोटक पारी

वैभव ने अपनी शतकीय पारी में 11 छक्के और 7 चौके लगाये। उन्होंने राशिद खान जैसे दिग्गज गेंदबाज के खिलाफ 94 रन पर सिक्स जड़ते हुए अपना शतक पूरा किया। उनकी इस पारी के बाद सोशल मीडिया पर हैस वैभव स्ट्रोम ट्रेंड करने लगा और कई दिग्गजों ने उनकी तारीफ की।

# 10 हजार रुपये घूस लेते ग्राम सेवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** एसीबी टीम ने पाकुड़ प्रखंड के जमशेरपुर पंचायत में पदस्थापित वीएलवब्ल्यू (ग्राम सेवक) वतन कुमार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। मिली जानकारी अनुसार वतन कुमार से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है।

# अब 6 मई को संविधान बचाओ रैली निकालेगी कांग्रेस

## तैयारी : पहले 3 मई को आयोजित थी कांग्रेस की रैली

**रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे भी होंगे शामिल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली की पूर्व निर्धारित तिथि में फेरबदल किया गया है। मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि रांची में 3 मई को राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया था। इसकी तिथि में फेरबदल किया गया है। अब यह रैली 6 मई को पुराना विधानसभा मैदान, रांची में होगी। रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल होंगे। श्री महतो ने कहा कि रैली के बाद प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक भी होगी जिसमें मल्लिकार्जुन एवं केसी वेणुगोपाल भी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि यह झारखंड कांग्रेस के लिए हर्ष का विषय है कि झारखंड निर्माण के बाद पहली बार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी होगी। यह गौरवपूर्ण क्षण होगा। झारखंड में संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी। नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित आम जनता में उत्साह है। अपने अधिकारों के प्रति जनता जागरूक है, संविधान रक्षा की इस लड़ाई में पूरी तरह से हमारे साथ खड़ी है। कांग्रेस आम लोगों के अधिकारों का दमन नहीं होने देगी। संविधान रक्षा की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जायेगी।

संवाददाता सम्मेलन में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की,जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, मुख्य प्रवक्ता किशोर शाहदेव, सोनाल शांति भी उपस्थित थे।

# एसबीयू में टीसीएस का कैंपस ड्राइव 250 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में टीसीएस बीपीएस पूल कैंपस ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। वर्ष 2023, 2024 और 2025 बैच के स्नातकों के लिए आयोजित किये गये इस ड्राइव में बीकॉम, बीए, बीबीए और बीएससी (कंप्यूटर साइंस और आइटी स्ट्रीम के अलावा) के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

इस भर्ती प्रक्रिया में सरला बिरला विश्वविद्यालय के अलावा कई अन्य संस्थानों के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कैंपस ड्राइव में सफलता के उपरांत विद्यार्थियों को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज (बीपीएस) डिवीजन में जॉब करने का अवसर प्राप्त होगा। एसबीयू में अब तक कई बड़ी कंपनियों का कैंपस ड्राइव सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। इस कैंपस ड्राइव के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने शुभकामनाएं दीं।

# सीआइएलओडब्ल्यूएस ने सेवा भाव दिखाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** करुणा और सेवा की भावना से प्रेरित होकर, कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइव्स समिति (सीआइएलओडब्ल्यूएस) ने हाल ही में कई सामुदायिक आउटरिच गतिविधियां आयोजित कीं। अध्यक्षा विमला प्रसाद के नेतृत्व में, सीआइएलओडब्ल्यूएस के वरिष्ठ अधिकारियों और सदस्यों ने न्यूटाउन, कोलकाता में कैंसर रोगियों और उनके परिवारों के लिए एक आश्रय प्रेमाश्रय का दौरा किया। उन्होंने 150 रोगियों और उनके देखभाल करने वालों के लिए दोपहर के भोजन को प्रायोजित किया और कैंसर के इलाज करा रहे बच्चों के साथ समय बिताया। उन्हें इस बीमारी के खिलाफ अपनी लड़ाई में मजबूत और आशावान बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

कोल इंडिया ने अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से प्रेमाश्रय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सीआइएलओडब्ल्यूएस टीम ने बालिका आश्रम आद्यापीठ का भी दौरा किया, जहां उन्होंने निवासी लड़कियों और उनके समर्पित संरक्षकों के साथ बातचीत की। लड़कियों के कल्याण में सहायता के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पाद वितरित किये गये। इसके अलावा, सीआइएलओडब्ल्यूएस ने कोलकाता में कोल इंडिया कॉरपोरेट कार्यालय के बाहर एक जल शिविर स्थापित किया है, ताकि आगंतुकों को गर्मियों के दौरान ठंडा और हाइड्रेटेड रहने में मदद मिल सके। दो सप्ताह के लिए स्थापित शिविर में ग्लूकोन डी, रसना, सत्तू, आम पन्ना, तरबूज और मिठाई जैसी ताजा चीजें उपलब्ध हैं।

# यूबीआइ ने एमएसएमइ, कासा आउटरीच कैंप का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा मंगलवार को होटल मेपल वुड में एमएसएमइ/कासा आउटरीच कैंप का सफलतम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित उद्यमियों और बैंक के सम्मानित ग्राहकों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय से अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, ऋण अनुपालन एवं अनुश्रवण, मुख्य अतिथि के रूप में जेवीएम श्यामली के प्राचार्य समरजीत जेना और द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया, रांची से सचिव भुवनेश कुमार ठाकुर-सीए, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मलित हुए। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उप क्षेत्र प्रमुख विभाष कुमार मिश्रा एवं नीरज कंधवे, एमएलपी प्रमुख-प्रशांत कुमार पंकज, आरएलपी प्रमुख, कासा एवं लीप प्रमुख, बिजनेस रिलेशनशिप मैनेजर एवं रांची, जमशेदपुर के शाखा प्रमुख भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों को एमएसएमइ एवं कासा पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से समाज के हर वर्ग हेतु कासा और एमएसएमइ के तहत बैंक द्वारा मिलने वाली जमा एवं ऋण उत्पाद सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने ग्राहकों को संबोधन में विभिन्न एमएसएमइ और कासा उत्पादों की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए इसके महत्व और बैंक द्वारा ग्राहकों तक को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक की सुदृढ़ प्रणाली के विषय में साझा किया। साथ ही बैंक द्वारा ग्राहकोन्मुखी एवं सुगम डिजिटल प्रक्रियाओं की जानकारी भी प्रदान की गयी। बैंक के उपस्थित कार्यपालक गणों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों को कुल रु 89.21 करोड़ की ऋण स्वीकृति पत्रों का भी वितरण किया गया। यूनियन बैंक की एमएसएमइ सुविधाओं से लाभांवित ग्राहकों द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया। कार्यक्रम के अंत में नीरज कंधवे, उप क्षेत्र प्रमुख ने उपस्थित ग्राहकों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों की आशाओं पर खरा उतरेगा।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से दीपिका पांडेय ने की मुलाकात

# मनरेगा भुगतान और मजदूरी दरों पर हुई चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री और महागामा विधायक ने मंगलवार दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य से जुड़े कई अहम विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मनरेगा के लंबित भुगतान, मजदूरी दरों में वृद्धि, क्लस्टर फैसिलिटेशन प्रोजेक्ट (सीएफपी) फंड की आवश्यकता और शेड्यूल ऑफ रेट्स (एसडीआर) की पुर्नसमीक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनी जरूरतों को देखते हुए केंद्र से अतिरिक्त सहयोग अपेक्षित है।

उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड जैसे राज्य में ग्रामीण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समय पर भुगतान और यथोचित दरें बेहद जरूरी हैं। झारखंड की मनरेगा मजदूरी दर वर्तमान में 255 रुपये प्रतिदिन है, जो अन्य राज्यों की तुलना में कम है। राज्य सरकार ने आग्रह किया कि इसे बढ़ाकर न्यूनतम 405 रुपये प्रतिदिन किया जाये, ताकि श्रमिकों को न्यायसंगत पारिश्रमिक मिल सके और योजना की प्रभाव शीलता बनी रहे। केंद्रीय मंत्री ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

# संकट मोचन मंदिर में भगवान राम की छठी पर भंडारे का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को भगवान राम की छठी महोत्सव धूम धाम से मनायी गयी। इस अवसर पर महाभंडारे का भी आयोजन किया गया। वहीं श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा के लिए मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्था की थी। श्रीराम की छठी के उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष पूजा के बाद शाम में विशेष आरती भी की गयी और भक्तों में भंडारे का प्रसाद बांटा गया। इसके पूर्व भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रीराम के नाम के जयकारे लगाये। मौके पर भक्तों ने श्रीराम के अनन्यस भक्त हनुमानजी की भी पूजा-अर्चना कर बजरंगबली की आरती उतारी। इस अवसर पर पर श्री श्री 1008 महामंडेलश्वर सूर्य नारायण त्यागी महाराज, यज्ञ बाबा आश्रम मोरहाबादी के महंत भरत दास, ओमकार दास, श्यामानंद पांडेय, विकास पांडेय, आशुतोष द्विवेदी, अजीत कुमार, चेतन प्रकाश सहित अन्य, उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीएमपीडीआइ के क्यूएमएस लाइसेंस को जारी रखने की सिफारिश



रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआइ) को अपने मुख्यालय, रांची में गुणता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) के निगरानी आडिट के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद आइएस/आइएसओ 9001:2015 मानक के अनुसार संस्थान के गुणता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) लाइसेंस को जारी रखने के लिए अनुशंसित किया गया है। यह आडिट 28 और 29 अप्रैल को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) के लेखा परीक्षक द्वारा किया गया। लेखा परीक्षक ने सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार को क्यूएमएस की निरंतरता का प्रमाण-पत्र सौंपा। आडिट का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सीएमपीडीआइ के क्यूएमएस का कार्यान्वयन आइएसओ 9001:2015 अंतरराष्ट्रीय मानक की आवश्यकताओं के अनुरूप बना रहे। यह मानक समूचे संगठन में प्रभावी रूप से कार्यान्वित और अनुरक्षित हो। दो-दिवसीय मूल्यांकन के दौरान सीएमपीडीआइ के विभिन्न विभागों और कार्यों का गहन मूल्यांकन किया गया और पाया गया कि संगठन की गुणता प्रबंधन प्रणाली उपरोक्त मानक की आवश्यकताओं के अनुरूप है और नीति और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभावी रूप से कार्यान्वित की गयी है।

### भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को दलादली में मदन ओझा के आवास पर भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर भगवान परशुराम को स्मरण करते हुए भाजपा पूर्व प्रदेश मंत्री सुवोध सिंह गुड्डू ने कहा- भगवान परशुराम जी का जीवन प्रत्येक पीढ़ी के लिए प्रेरणा का भरपूर खजाना है। ललित ओझा ने कहा कि अत्याचार और अनाचार का विरोध ही वास्तव में सच्चा मानव धर्म है। उन्होंने जोर देकर कहा धर्म ही भारत की जीवन शक्ति है। कर्तव्य पथ के संस्थापक सह भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा ने कहा, भगवान परशुराम का जीवन तीन शब्दों में समाहित है, प्राकृतिक, विकृति और संस्कृति। वरिष्ठ समाजसेवी सुमन मिश्रा ने कहा कि कर्म की भूमि पर कर्म फल मिलते हैं। किस्मत बुलंद हो तभी ब्राह्मण घर में जन्म लेते हैं। डॉ अंजेश कुमार ने कहा- परशुराम हमारे धरोहर विरासत और गौरव के प्रतीक है। शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अजय द्विवेदी, साइंस ऐकडमी स्कूल के डायरेक्टर डीएन सिंह, भाजपा नेता अजय तिवारी, जनार्दन ओझा, उनेश्वर ओझा, एसएन शर्मा, प्रोफेसर एसके समदर्शी आदि ने अपना विचार साझा किया। मंच का संचालन व्रजेश शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक मिश्रा ने किया। इस मौके पर सोनू कुमार, रामकुमार चौधरी, रंजय ओझा, वीरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र कुमार रिंकू, नवल शर्मा, पंकज कुमार, महेश सिंह, कुमुद झा, सुप्रिया सिंह, रजनीश राय, अश्विनी अनुराग, भोले शंकर एवं अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शोक सह श्रद्धांजलि सभा आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में तीन झारखंडी साहित्यकारों - डॉ रोज केरकेट्टा, डॉ राम प्रसाद और डॉ बीपी पिंगुआ की याद में शोक सह श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। डॉ रोज केरकेट्टा ने हिंदी और खड़िया भाषा में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। डॉ राम प्रसाद ने हिंदी और नागपुरी भाषा में अपनी रचनाओं से पहचान बनायी थी। डॉ बीपी पिंगुआ ने भूगोल के साथ-साथ हो भाषा में भी कई रचनाएं की थीं। श्रद्धांजलि सभा में विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ जिंदर सिंह मुंडा और टीआरएल के कोऑर्डिनेटर डॉ विनोद कुमार ने तीनों साहित्यकारों के जीवन और कार्यों पर चर्चा की। इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से विभाग ने तीनों साहित्यकारों को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया।

### बीआइटीटी पॉलिटेक्निक में बीएस 6 पेट्रोल इंजन पर कार्यशाला का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। बीआइटीटी पॉलिटेक्निक, रांची में बीएस 6 पेट्रोल इंजन की विशेषताओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बीएस 6 उत्सर्जन मानदंड, ईंधन इंजेक्शन प्रणाली, निकास उपचार के बाद की तकनीक और दक्षता में सुधार जैसे विषयों पर चर्चा की। संस्थान के प्रभारी प्राचार्य कृष्णा कुमार महली ने कहा कि बीएस 6 मानदंडों ने ऑटोमोटिव क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है और पेशेवरों के लिए अपने ज्ञान को अपग्रेड करना आवश्यक हो गया है। इस कार्यशाला का उद्देश्य व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करना था। कार्यशाला में कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक उपस्थित थे। बीआइटीटी की चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी और बीआइटीजी के चेयरमैन डॉ रणजीत कुमार ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।




आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस हमेशा देश विरोधियों के साथ खड़ी क्यों नजर आती है : बाबूलाल

**राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस किसके साथ है? भारत के साथ हैं या फिर पाकिस्तान के साथ?**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद देश की राजनीति एक बार फिर गरमा गयी है। इस बीच कांग्रेस पार्टी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की गयी एक पोस्ट को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने एक पोस्ट में सिर, हाथ, पैर से जुदा वाली तस्वीर साझा की है, तस्वीर साझा कर लिखा है जिम्मेदारी के समय गायब।

इस पोस्ट पर अब भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा एतराज जताते हुए इसे सिर तन से जुदा जैसे कट्टरपंथी विचारों को उकसाने वाला बताया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े होने का गंभीर आरोप लगाया है।

मरांडी ने कहा, जब-जब देश के साथ खड़े रहने की बारी आती है, तब-तब कांग्रेस हमेशा देश विरोधियों के साथ खड़ी नजर आती है। कांग्रेस प्रधानमंत्री के लिए सिर तन से जुदा जैसे कट्टरपंथी विचारों का इस्तेमाल कर रही है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री भी कांग्रेस की इस विचारधारा का समर्थन कर रहे हैं। राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस किसके साथ है। भारत के साथ या पाकिस्तान के साथ? हालांकि कांग्रेस की ओर से इसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है।

## झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की स्थिति अब विस्फोटक : बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर घुसपैठ को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की गंभीर स्थिति को प्रमाणित करने के लिए उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को एक समिति गठित करने का निर्देश दिया था लेकिन अपनी असलियत उजागर होने के भय से राज्य सरकार ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया और दावा किया कि राज्य में कोई घुसपैठिया नहीं है। अब झामुमो के प्रवक्ता खुलेआम यह गलतबयानी कर रहे हैं कि राज्य सरकार ने घुसपैठ की जांच रुकवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल नहीं की। बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि सोमवार को मुंबई में 13 बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार हुए, जिनके अवैध दस्तावेज झारखंड के साहिबगंज जिले से बनाये गये थे। झामुमो जितना चाहे मेरे दावे को झूठला ले, लेकिन सच्चाई को नहीं छुपा सकती। सच्चाई यही है कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की स्थिति अब विस्फोटक बन चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि आदिवासी मूलवासियों की रक्षा कीजिए और झारखंड को बचाइये। दूसरी ओर बाबूलाल मरांडी ने सीजीएल नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के मुखिया को अब भी समझ में नहीं आ रहा कि सीजीएल नियुक्ति में घोटाला हुआ है और नौकरी बिकी है और बिक रही है। उन्होंने कहा कि लीपापोती, मनमानी, गड़बड़ी करने और घपला दबाने के लिए मशहूर राज्य सीआइडी के भरोसे यह जांच मत करवाइये। इसे सीधे सीबीआइ के हवाले करिये ताकि झारखंड के बेरोजगारों के साथ इंसाफ हो सके।




# कोलकाता ने कैपिटल्स को 14 रन से हराया

## सुनील नरेन ने तीन और वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट लिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आइपीएल के 48वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हरा दिया है। टीम दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 8 साल बाद जीती है। पिछली जीत 2017 के सीजन में मिली थी।

मंगलवार को दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 204 रन बनाये। कोलकाता ने 28वीं बार 200 प्लस स्कोर बनाया। 205 रन का टारगेट चेज कर रही दिल्ली 20 ओवर के बाद 9 विकेट पर 190 रन बना सकी। फाफ डु प्लेसिस ने 62, अक्षर पटेल ने 43 और विपराज निगम ने 38 रन बनाये।

कोलकाता की ओर से सुनील नरेन ने 3 विकेट झटके। उन्होंने केएल राहुल को रनआउट भी किया। वरुण चक्रवर्ती को 2 विकेट मिले। अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा और आंद्रे रसेल को एक-एक विकेट मिले। अंगकृष रघुवंशी ने 44, रिंकू सिंह ने 36 रन का योगदान दिया। दिल्ली के मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके।



# अजय सिंह विश्व सनातन मंच झारखंड के बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सनातन धर्म के प्रचार प्रसार एवं सनातनी मूल्य की रक्षा के लिए विश्व स्तर पर गठित विश्व सनातन मंच के झारखंड राज्य के अध्यक्ष पद पर रांची के मेकोन कॉलोनी निवासी अजय सिंह को मनोनीत किया गया। विश्व सनातन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष धमार्चार्य संत शिरोमणि श्री श्री 1008 चौराहा बाबा द्वारा वाराणसी कार्यालय में अजय सिंह को विश्व सनातन मंच के झारखंड राज्य के अध्यक्ष तथा निर्भय कुमार सिंह को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विश्व सनातन मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं महासचिव डॉ सुनील कुमार सिंह ने नवमनोनित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को मनोनयन पत्र प्रदान करते हुए बताया कि शीघ्र ही विश्व सनातन मंच की झारखंड राज्य कमेटी का गठन कर सनातन एकता, अखंडता एवं सामाजिक सौहार्द के लिए कार्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। मनोनयन समारोह समारोहों में उपस्थित बिहार राज्य के अध्यक्ष डॉ उमेश सिंह,सनातन महिला मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुंजन उपाध्याय, विश्व सनातन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, उपाध्यक्ष पूनम सारस्वत, सनातन सरस्वती मंच के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वैशाली नाथ तथा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शोमा बारेठ ने अजय सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नवमनोनीत अध्यक्ष अजय सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए झारखंड राज्य में सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं सर्वधन मे अपना बहुमूल्य योगदान देने का वचन दिया और कहा कि दिसंबर माह में विश्व सनातन मंच का राष्ट्रीय महासम्मेलन का आयोजन रांची में किया जायेगा।

# कांग्रेस का आतंकी संगठन गजवा अल हिंद के साथ क्या संबंध है : निशिकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच कांग्रेस के एक पोस्ट से बवाल खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, जिम्मेदारी के समय गायब। इस पोस्ट अब भाजपा सवाल खड़े कर रही है और इसे सिर तन से जुदा वाली तस्वीर बता रही है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ये कांग्रेस की पीएम मोदी के खिलाफ उकसावेबाजी है। इस बीच अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस पोस्ट को लेकर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के इस पोस्ट की तुलना गजवा-अल-हिंद के पोस्टर से की है और पूछा है कि कांग्रेस का इससे क्या संबंध है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा सिर तन से जुदा प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस वर्षों से करवाना चाहती है। अब कांग्रेस पार्टी यह बताये कि आतंकी संगठन गजवा अल हिंद के साथ आपका क्या संबंध है? दोनों के ट्वीट क्या एक ही आदमी कर रहा है?

## ध्वनि प्रदूषण रोक पर रांची छोड़ अन्य जिलों की नहीं दी रिपोर्ट, हाइकोर्ट नाराज

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने पर्व त्योहारों पर ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने को लेकर उठाये गये कदमों के बारे में जानकारी नहीं दिये जाने पर नाराजगी जाहिर की है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अदालत ने कहा कि राज्य सरकार ने सिर्फ रांची जिले में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए की गयी कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया है। अदालत ने बाकी जिलों के शपथ पत्र दाखिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (जी)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं. तथा तारीख, कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी** निम्नलिखित हैं: **(1) 06-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक: 25.04.2025**; मनोहरपुर-बामरा के संबंध में विद्युतीय (जी) कार्यः एडीईएन (वेस्ट)/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन रोड अंडर ब्रिज/सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के संबंध में एमएलसी (एलसी सं. 198) का उन्मूलन; रु. 3,49,373.45; रु.7,000/-; **(2) 07-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26,दिनांक: 25.04.2025**; चक्रधरपुर मंडल में टाटानगर-आदित्यपुर अनुभाग के बीच जुगसलाई एलसी सं. 141 में एक नए फूट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के संबंध में विद्युतीय (जी) कार्य; रु. 7,43,140.42; रु. 14,900/-; **(3) 08-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26,दिनांक: 25.04.2025**; डीजल लोको शेड/बंडामुंडा में विभिन्न बिल्डिंगों की री-वायरिंग तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के नवीनीकरण के संबंध में विद्युतीय (जी) कार्य; रु. 78,40,344.43; रु. 1,56,800/-; **(4) 10-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26,दिनांक: 25.04.2025**; दुर्घटना मामले/उद्घाटन समारोहों/कार्यक्रमों इत्यादि जैसी आपातकालीन स्थितियों के लिए 01 वर्ष की अवधि के लिए प्रकाश एवं वेंटिलेशन व्यवस्था के साथ डीजी सेटों को किराए पर लेना तथा उसका प्रावधान करना; रु. 27,36,780.00; रु. 54,700; **(5) 11-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26,दिनांक: 25.04.2025**; चक्रधरपुर मंडल के तहत 5 स्टार रेटेड ऊर्जा बचतकारी एयर कंडीशनरों द्वारा अत्यंत पुरानी एयर कंडीशनरों के प्रतिस्थापन तथा नई एसी के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय (जी) कार्य; रु. 30,12,879.22; रु. 60,300; **(6) 12-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26,दिनांक: 25.04.2025**; चक्रधरपुर मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में एसएंडटी उपकरणों के लिए एटी सप्लाई से विद्युत आपूर्ति केबलों का सुधार; रु. 79,80,994.14; रु. 1,59,600; **निविदा दस्तावेज की कीमत (रु. में):** प्रत्येक के लिए शून्य। **बंद/खुलने की तारीख:** प्रत्येक के लिए 21.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे; निविदाएं वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदातागण के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रक्रिया में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदातागण ही भाग ले सकते हैं। **(PR-95)**


**महत्वपूर्ण खबरें**

## अनुबंध इंटरमीडिएट शिक्षकेतर कर्मचारियों के समायोजन की मांग



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सचिवालय में ज्ञापन सौंपकर झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय के अनुबंध इंटरमीडिएट शिक्षकेतर कर्मचारियों के समायोजन की मांग की है। इसमें आजसू ने राज्यपाल से अपनी मांगें पूरी करने का आग्रह किया है। इसमें रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के पत्र को रद्द करना और कर्मचारियों को कॉलेजों में पूर्व की तरह कार्य करने की अनुमति देना। 14 कॉलेजों में इंटरमीडिएट कक्षाओं की ऑडिट कराना। ऑडिट रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करना। जमा प्राप्त राशि को नेशनल बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट करना और ब्याज राशि से कर्मचारियों का मानदेय भुगतान करना। सभी कॉलेजों में इंटरमीडिएट कर्मचारियों का समायोजन करना। राजभवन में बैठे कर्मचारियों की सुधि लेना और उनकी जायज मांगें पूरी करना। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, दीपक कुमार, राजेश सिंह, आशु कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## 151वें श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 151वें श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गयी और भोग अर्पित किया गया। पाठ वाचकों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया और सुंदरकांड का संगीतमय पाठ करवाया। इसके अलावा, 154वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन भी हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में किया गया है। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी धर्म प्रेमियों को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में चंद्रकांत झुनझुनवाला, पुष्पा झुनझुनवाला, मनीष सारस्वत, ओम शर्मा और बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने कार्यक्रम की जानकारी दी।


# कांग्रेस ने 'जिम्मेदार गायब' वाला पोस्ट डिलीट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गायब बताने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें कुर्ता-पायजामा पहने शख्स का सिर कटा हुआ और उसके हाथ-पैर गायब दिखाये थे। इसके कैप्शन में लिखा था- जिम्मेदारी के समय (गायब)।

कांग्रेस की इस पोस्ट को पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को हुई सर्वदलीय बैठक से जोड़कर देखा जा रहा था। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी नहीं आये थे। कांग्रेस ने मांग की थी कि प्रधानमंत्री भी इसमें शामिल हों। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की थी।

पोस्ट पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस और आतंकियों की सोच एक जैसी है। कांग्रेस लश्कर-ए-पाकिस्तान है। पाकिस्तान के टावर से कांग्रेस का सिग्नल मिलता है। राहुल के सिग्नल पर ऐसा हो रहा है। पाकिस्तान में वाहवाही के लिए कांग्रेस ऐसा कर रही है।






केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज का दौरा किया और फैटी लिवर रोग से निपटने के लिए कार्यक्रम के रांची मॉडल के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के निदेशक और चांसलर डॉ एसके सरीन से मुलाकात की। बैठक के दौरान, कार्यक्रम के प्रमुख पहलुओं की समीक्षा की गयी, जिसमें इसके कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित समय-सीमा और रणनीति शामिल थी।

# महिला को स्प्रे से बेहोश कर लूटे सोने के कंगन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के प्रेम कुंज कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक महिला को अकेला पाकर बदमाश ने फ्रिज साफ करने के बहाने घर में प्रवेश किया। इसके बाद स्प्रे से महिला को बेहोश कर उसके हाथ से सोने के कंगन लूट लिए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहरगुट्टू मेन रोड स्थित प्रेमकुंज कॉलोनी में मंगलवार सुबह फ्रिज की सफाई करने के बहाने एक बदमाश घर में घुसा और महिला को स्प्रे मारकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसने महिला के हाथ से सोने के दो कंगन खींच लिये और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद जब घर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये तो दोनों बदमाश कैमरे में नजर आये। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है।

# डॉ राजकुमार ने एक बार फिर संभाला रिम्स निदेशक का पद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स को अपना पुराना निदेशक वापस मिल गया है। डॉ राजकुमार ने एक बार फिर से रिम्स में निदेशक का पदभार संभाल लिया है। झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद डॉ राजकुमार को निदेशक के पद पर पुनः बहाल किया गया। कुछ दिनों पूर्व ही राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स निदेशक के पद से डॉ राजकुमार को बर्खास्त कर दिया था। इस दौरान डॉ शशिबाला सिंह को रिम्स का प्रभारी निदेशक बनाया गया था। इसी बीच डॉ राजकुमार ने निदेशक के पद से बर्खास्त करने पर हाईकोर्ट का रुख किया, जहां से फैसला उनके हक में आया। अब एक बार फिर से डॉ राजकुमार रिम्स निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। पद से बर्खास्त किये जाने पर डॉ राजकुमार ने झारखंड हाईकोर्ट में आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी। दाखिल याचिका पर कल (28 अप्रैल) को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक रोशन ने स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का नोटिस भी जारी कर दिया। याचिका पर विस्तृत सुनवाई के लिए 06 मई की तारीख दी गयी है।

**JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.**
Head Office/Regd. Office
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Website: www.sfcjharkhand.in

Ref. No.: 1447 Date : 29/04/2025

**Selection of System Integrator (SI) for study, design, development, implementation & maintenance of GPS based Integrated Vehicle Tracking System (VTS) and setting up of Centralized Command and Control Centre (CCC)**

Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited (JSF&CSCL) invites Bids from qualified and experienced companies for the selection of System Integrator for study, design, development, implementation & maintenance of GPS based Integrated Vehicle Tracking System (VTS) and setting up of Centralized Command and Control Centre for the Department of Food, Public Distribution and Consumer Affairs (JSF&CSCL, Food Directorate), Govt. of Jharkhand. Bidders qualifying as per the criteria defined in the RFP are encouraged to participate in the selection process.

Interested bidders should submit their Bids online only in response to this NIT latest by **1700 hrs.** on **23/05/2025** through http://gem.gov.in website. The detailed RFP document can be downloaded from websites http://gem.gov.in, and http://sfcjharkhand.in. For any further queries email us on tenders@sfcjharkhand.in.

**Managing Director,**
Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited,
Ranchi, Jharkhand

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# इस्तीफे का सबक

कैबिनेट में फेरबदल सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन तमिलनाडु की डीएमके सरकार को जिन हालात में अपने दो मंत्रियों - वी सेंथिल बालाजी और के पोनमुडी का इस्तीफा लेना पड़ा, वह बिल्कुल सामान्य नहीं। सुप्रीम कोर्ट और मद्रास हाइकोर्ट की सख्ती व विपक्ष के दबाव के कारण पिछले कुछ दिनों से राज्य सरकार बेहद असहज स्थिति में थी। ऐसे में स्टालिन सरकार को मंत्रियों के इस्तीफों से थोड़ी राहत भले मिल गयी हो, लेकिन वह जवाबदेही से बच नहीं सकती। इस अप्रिय स्थिति के लिए सरकार खुद ही जिम्मेदार है।

**कोर्ट की फटकार :** सेंथिल बालाजी मनी लॉन्ड्रिंग के एक केस का सामना कर रहे हैं, 15 महीने जेल में भी रह चुके हैं। उन पर जब आरोप लगा, तब वह मंत्री थे। गिरफ्तारी हुई और जेल गये, तब भी मंत्री बने रहे। यहां तक कि बिना पोर्टफोलियो के उन्हें पद पर बनाये रखा गया। बाद में उन्होंने इस्तीफा तो जरूर दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के चार दिनों के भीतर ही दोबारा कैबिनेट में शामिल हो गए। इसी बात पर शीर्ष अदालत ने उन्हें फटकार लगायी थी।

**केस पर असर :** सेंथिल बालाजी का मामला राजनेताओं के पद से चिपके रहने का उदाहरण है। ऐसे नेताओं के लिए शुचिता और पारदर्शिता बस कहने की बात है, करने की नहीं। यहां जिम्मेदारी स्टालिन सरकार की भी है, जिसने जांच का सामना कर रहे आरोपी को कैबिनेट में जगह दी। मंत्री जैसे प्रभावशाली और ताकतवर पद पर बैठकर कोई केस को प्रभावित कर सकता है - यह इतनी बड़ी बात तो नहीं, जिसे समझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ता। शीर्ष अदालत ने जब पद और जमानत में से एक का विकल्प रखा, तब जाकर बालाजी से इस्तीफा लिया गया।

**सेंथिल बालाजी मनी लॉन्ड्रिंग के एक केस का सामना कर रहे हैं, 15 महीने जेल में भी रह चुके हैं। उन पर जब आरोप लगा, तब वह मंत्री थे। गिरफ्तारी हुई और जेल गये, तब भी मंत्री बने रहे।**

**विश्वसनीयता पर सवाल :** पोनमुडी का मामला भी ऐसा ही है। उनकी आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर लगातार विवाद बना हुआ है। इसके बाद भी वह कैबिनेट में थे, जब तक कि मद्रास हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर उनसे जवाब तलब नहीं कर लिया। ये दोनों ही मामले जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता के भरोसे पर चोट करने वाले हैं। क्या छोटी-बड़ी हर चीज में न्यायपालिका के दखल के बाद ही सही कदम उठाया जायेगा? अगर ऐसा होना है, तो सरकारों की अपनी जवाबदेही क्या है?

**सरकारों के लिए सीख:** देश में हाल में न्यायपालिका बनाम विधायिका की अलोकप्रिय बहस शुरू हुई थी। कई आपत्ति इस बात पर उठी कि अदालतों को विधायिका के हर मामले में नहीं पड़ना चाहिए। लेकिन, तमिलनाडु की घटना से जाहिर है कि कई बार सरकारें राजनीतिक दबाव में होती हैं और सियासत के आगे नैतिकता कमजोर पड़ जाती है। केवल तमिलनाडु ही नहीं, सभी सरकारों को इस मामले को एक सबक के रूप में लेना चाहिए, ताकि बाद में शर्मिंदगी न उठानी पड़े।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण समय में हुई, जब ग्लोबल पॉवर के डायनामिक्स बदल रहे हैं, खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में। यह यात्रा भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए अमेरिका के इंट्रेस्ट की भी पुष्ट करती है, खास कर तब जब दोनों देश मुखर होकर चीन द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों का खुल कर सामना कर रहे हैं।**

# जेडी वेंस की भारत यात्रा कई मायनों में बेहद अहम

अमित शर्मा



**जहां एक तरफ अमेरिका दुनिया के तमाम देशों को आंख दिखाने से नहीं चूक रहा वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति की भारत यात्रा अपने आप में बड़ी कूटनीतिक बढ़त है। टैरिफ, इमिग्रेशन और तकनीक ट्रांसफर जैसे मुद्दों पर बातचीत करने के लिए सरकार की तत्परता व्यावहारिक और दूरदर्शी विदेश नीति को दर्शाती है।**

बीते हफ्ते अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी 4 दिवसीय भारत की यात्रा पर रहे, यह यात्रा कई मायनों में बेहद अहम है। पहलगाम आतंकी हमले के चलते भले ही जेडी वेंस की इस यात्रा पर खास चर्चा नहीं हो पाई लेकिन असल में आने वाले समय में भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को मजबूती देने से लेकर कई मोर्चों पर रणनीतिक हल निकलेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, उषा वेंस और उनके बच्चे भारत की संस्कृत से रुबरू हुए। उन्होंने जयपुर के आमेर किला से लेकर आगरा का ताजमहल भी देखा, यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करेगा। यह यात्रा ग्लोबल जियो-पॉलिटिक्स में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाती है और भारत की कुशल कूटनीति का जीता जागता उदाहरण है।

**बदलती जियो-पॉलिटिक्स और भारत :** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण समय में हुई, जब ग्लोबल पॉवर के डायनामिक्स बदल रहे हैं, खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में। यह यात्रा भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए अमेरिका के इंट्रेस्ट की भी पुष्ट करती है, खास कर तब जब दोनों देश मुखर होकर चीन द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों का खुल कर सामना कर रहे हैं।

**जेडी वेंस की भारत यात्रा का एक अन्य आधार रक्षा और स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को बढ़ाना भी है।**

**आर्थिक और व्यापार सहयोग :** इस यात्रा का एक केंद्रीय एजेंडा आर्थिक सहयोग को मजबूत करना भी है। भारत और अमेरिका एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिसका लक्ष्य 2030 तक व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक बढ़ाना है। इस यात्रा पर दुनिया की नजर सबसे अधिक इस बात को लेकर है कि वेंस के लौटने के बाद टैरिफ को लेकर कोई निष्कर्ष निकल सकता है। यह एक ऐसा कदम होगा जो दोनों देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं के प्रवाह को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकता है। यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका चीन के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर वैकल्पिक व्यापार साझेदारी की तलाश कर रहा है और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद पहले ही भारत को अच्छा साझीदार बता चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक मुद्दों पर मोदी सरकार की सक्रिय भागीदारी वैश्विक भागीदारों के साथ जुड़कर भारत की आर्थिक शक्ति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

**'डिफेंस प्रोडक्शन पार्टनरशिप' पर बनेगी बात :** जेडी वेंस की भारत यात्रा का एक अन्य आधार रक्षा और स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को बढ़ाना भी है। आने वाले समय में उन्नत अमेरिकी रक्षा उपकरणों की खरीद और 'डिफेंस प्रोडक्शन पार्टनरशिप' को बल मिलने की भी संभावना है। ऊर्जा के मोर्चे पर, अमेरिका ने परमाणु ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और सस्टेनेबल बुनियादी ढांचे में निवेश के माध्यम से भारत के 'क्लीन एनर्जी' विजन का समर्थन करने की पहले ही पेशकश कर दी है। यह सहयोग न केवल भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगा, बल्कि एनर्जी सिक्योरिटी की दिशा में बढ़ा कदम साबित हो सकता है।

**वीजा और इमिग्रेशन पॉलिसी का हल :** भारत लंबे समय से अमेरिकी इमिग्रेशन इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर रहा है, यही वजह है कि लगभग 70% एच-1बी वीजा भारतीय पेशेवरों को दिए गए हैं। माना जा रहा है कि अब अमेरिकी उपराष्ट्रपति की यात्रा के बाद, इमिग्रेशन पॉलिसी और वीजा पर कुछ सकारात्मक निर्णय हो सकते हैं और मौजूदा दौर में उभरीं अनिश्चितताओं को दूर किया जा सकता है। अगर इस मसले पर कोई सकारात्मक हल निकलता है, तो भारतीय प्रतिभाओं को एक बार फिर स्थिर समाधान मिल सकता है। इन मामलों में सकारात्मक बदलाव भारत की बढ़ती तकनीकी और सर्विस इंडस्ट्री के लिए संजीवनी साबित हो सकते हैं। इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान विदेशों में भारतीय पेशेवरों के लिए एक मजबूत वकालत को दर्शाता है।

**इंडो-पैसिफिक रणनीति और सुरक्षा :** इंडो-पैसिफिक रणनीति में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका दुनिया मान रही है। क्वाड गठबंधन (अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ) के सदस्य के रूप में, भारत इस क्षेत्र में संतुलन बनाये रखने और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख साझेदार है। उपराष्ट्रपति वेंस द्वारा क्वाड के लिए समर्थन की पुष्टि दोनों देशों के बीच गहरे रणनीतिक विश्वास का संकेत देती है। वेंस ने क्वाड शिखर सम्मेलन के आगामी मेजबान के तौर पर भारत की जम कर प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अधिक संयुक्त सैन्य अभ्यास करता है किसी भी अन्य देश की तुलना में।

**सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक आयाम :** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की यात्रा के दौरान उनकी पत्नी पत्नी उषा वेंस की उपस्थिति भी अहम रही, क्योंकि उषा वेंस भारतीय मूल की हैं। शायद यही वजह रही कि जेडी वेंस ने इस यात्रा के दौरान भारत के महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया। दिल्ली के अक्षरधाम से लेकर आगरा के ताजमहल तक जेडी ने अपने परिवार के साथ भारतीय पर्यटन का आनंद लिया साथ ही भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी नजदीक से समझना। जानकार इसे दो देशों के बीच सांस्कृतिक कूटनीतिक उपलब्धि के तौर पर देख रहे हैं।

**विदेश नीति का लोहा :** जहां एक तरफ अमेरिका दुनिया के तमाम देशों को आंख दिखाने से नहीं चूक रहा वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति की भारत यात्रा अपने आप में बड़ी कूटनीतिक बढ़त है। टैरिफ, इमिग्रेशन और तकनीक ट्रांसफर जैसे मुद्दों पर बातचीत करने के लिए सरकार की तत्परता व्यावहारिक और दूरदर्शी विदेश नीति को दर्शाती है। कुल मिला कर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की यात्रा एक औपचारिक मुलाकात से कहीं अधिक झ अमेरिका-भारत संबंधों के विकास में एक बड़ा रणनीतिक क्षण है। यह भारत के बढ़ते वैश्विक कद की पुष्टि करता है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में स्थापित करने के मोदी सरकार के प्रयासों को मान्यता प्रदान करता दिखता है। व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और ग्लोबल गवर्नेंस के जरिए आपसी हितों के साथ, यह यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर सकती है, जो दोनों देशों के लिए अवसरों और संभावनाओं से भरा है।

## कोल्हान की खबरें


### एशियाई योगासन प्रतियोगिता में मलय कुमार डे ने निभायी निर्णायक की भूमिका

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नयी दिल्ली इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित द्वितीय एशिया योगासन खेल प्रतियोगिता 2025 में झारखंड के मलय कुमार डे ने तकनीकी पदाधिकारी (निर्णायक) के रूप में अहम भूमिका निभायी। प्रतियोगिता का उद्घाटन केंद्रीय खेल मंत्री मंसुख मांडविया एवं स्वामी रामदेव के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 21 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें भारत ने 87 पदक (83 स्वर्ण) जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। श्री डे ने इसे अपने लिए गौरवपूर्ण अवसर बताया। वे वर्तमान में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तकनीकी प्रमुख और पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव हैं। उनकी इस उपलब्धि पर योगासन भारत और झारखंड संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### रणनीतिक क्षेत्र में चुनौतियां और अवसर पर उद्योग सम्मेलन का आयोजन

## तकनीकी-वाणिज्यिक परिदृश्य में कार्यक्रमों की आवश्यकता पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मंगलवार को प्रतिष्ठित संस्थान सीएसआइआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह के अंतर्गत 'सामग्री का स्वदेशीकरण रणनीतिक क्षेत्र में चुनौतियां और अवसर' शीर्षक पर एक दिवसीय उद्योग सम्मेलन शुरू हुआ। यह सम्मेलन अग्रणी निर्माता, प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और संभावित अंतिम उपयोगकर्ताओं के बीच बातचीत, ज्ञान/ सूचना के आदान-प्रदान और आगे बढ़ने की खोज हेतु एक स्पेक्ट्रम प्रदान करती है, जिसमें वैश्विक मानक को मानक मानते हुए रणनीतिक क्षेत्रों हेतु सामग्रियों के स्वदेशीकरण पर प्राथमिकता देती है। जसबीर सिंह सोलंकी, सीइओ, नौसेना प्रणाली, होमलैंड और साइबर सुरक्षा, महिंद्रा डिफेंस, पुणे इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरूआत मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सीएसआइआर-एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी ने संबोधन दिया। अपने आरंभिक भाषण में उन्होंने देश के वर्तमान तकनीकी-वाणिज्यिक परिदृश्य में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता और प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे सम्मेलनों के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें उद्योग और अनुसंधान एवं विकास एक साथ मिलकर सहयोग के संभावित अवसरों की पहचान करती हैं। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने सीएसआइआर-एनएमएल की अतीत की कुछ प्रमुख उपलब्धियों को सामने रखा, जिन्होंने भारतीय धातुकर्म क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ एस शिवाप्रसाद ने रणनीतिक क्षेत्र के क्षेत्र में सीएसआईआर-एनएमएल के योगदान का वर्णन किया, जिसमें नये मिश्र धातु विकास, शेष लाइफ मूल्यांकन, संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी, गैर-विनाशकारी मूल्यांकन आदि शामिल थे। उद्घाटन भाषण मुख्य अतिथि जसबीर सिंह सोलंकी ने दिया, जिसमें मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा प्रणाली और निगरानी के लिए पानी के नीचे की गाड़ी विकसित करके भारतीय सामरिक क्षेत्र में महिंद्रा डिफेंस के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र को अब दुनिया में केवल अनुयायी और व्यापारी बनने के बजाय अग्रणी और निर्माता बनना चाहिए। उन्होंने भारतीय रणनीतिक विनिर्माण क्षेत्र द्वारा इस तरह के वैश्विक नेतृत्व की स्थिति की खोज में अनुसंधान एवं विकास-उद्योग सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सत्र का समापन इंडिमेट-2025 के समन्वयक डॉ स्नेहाशीष त्रिपाठी द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

सम्मेलन को दो सत्रों में विभाजित किया गया। पहले सत्र में पांच मुख्य प्रस्तुतियां थीं, जबकि दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में छह प्रस्तुतियां निर्धारित थीं। इस सम्मेलन में पूरे भारत के विभिन्न प्रतिष्ठानों से लगभग 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न रक्षा और अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों में प्रत्यक्ष रूप से लगे हुए हैं।

### अपर सचिव से मिले प्राकृतिक रक्षक संस्था के प्रतिनिधि



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** प्राकृतिक रक्षक संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विशेष अपर सचिव राजदीप संजय जॉन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संस्था ने कोल्हान क्षेत्र में 75 हजार पौधों के निःस्वार्थ पौधारोपण की महत्वाकांक्षी योजना पर विचार-विमर्श की। मौके पर संस्था के मुख्य संरक्षक अर्जुन प्रसाद यादव, अध्यक्ष मृतुंजय कुमार, महासचिव हेमंत वर्मा एवं उपाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल शामिल रहे। उन्होंने बताया यह अभियान सरायकेला खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिले के वन विभाग की रिक्त भूमि पर किया जायेगा। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना तथा स्थानीय समुदाय में जागरूकता फैलाना है। यह पूर्णतः जनसहयोग से संचालित होगा और इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।अपर सचिव श्री जॉन ने इस पहल को प्रशंसनीय बताते हुए संस्था को हरसंभव विभागीय सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा इस तरह के जन-सहभागिता वाले अभियान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्राकृतिक रक्षक संस्था के इस पर्यावरणीय संकल्प से कोल्हान क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी, पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिलेगा।

## पूर्णिमा साहू ने बर्मामाइंस क्षेत्र में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने बर्मामाइंस मंडल क्षेत्र में जिला योजना निधि से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस्टप्लांट बस्ती, मनीफिट, रामाधीन बगान और सलगाझूड़ी समेत कई क्षेत्रों में चल रहे नाला, सड़क, पेवर्स ब्लॉक और पथ निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मौके पर विधायक ने अभियंताओं को गुणवत्ता से समझौता नहीं करने और सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिये। साथ ही जनता से संवाद कर उनकी समस्याएं जानने और स्थानीय कार्यकर्ताओं से नियमित निगरानी बनाये रखने की बात कही। इस अवसर पर बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, शशांक मिश्रा, मिंटू मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, श्रीनिवास, सूरज रजक, पवन चौधरी, रितेश झा, चंदन उपाध्याय, सौरव श्रीवास्तव समेत अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## बागबेड़ा ग्रामीण वृहद जलापूर्ति योजना के कार्य में अनियमितता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल बागबेड़ा ग्रामीण वृहद जलापूर्ति योजना स्थल का दौरा किया। मंगलवार को जिलाअध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बडौदा घाट पर खरकाई नदी पार होने वाली पाइपलाइन का निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति और गुणवत्ता में कमी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।श्री दुबे ने कहा पिलर और बेरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है,लेकिन मुख्य पाइपलाइन अधिष्ठापन अभी तक नहीं हुआ। उन्होंने मौके पर मौजूद कनिष्ठ अभियंता से पूछताछ की और कार्य की धीमी गति पर सवाल उठाते हुए फोन से कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार से वार्ता की।श्री दुबे ने स्पष्ट कहा संवेदक द्वारा पाइपलाइन को सिर्फ 500 मिमी गहराई में बिछाया जा रहा है।पाइपलाइन के नीचे आवश्यक सामग्री बालू फीलिंग और लेवलिंग उपकरण उपलब्ध नहीं हैं।उन्होंने कहा 21 पंचायतों की आबादी को समय पर गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। झारखंड में सरकार जनहित के मुद्दों पर काम कर रही है,लेकिन बागबेड़ा ग्रामीण वृहद जलापूर्ति योजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होरही।कांग्रेस पार्टी ऐसा किसी भी हाल पर होने नहीं देगी।तीन दिनों के अंदर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी यदि कार्य की गुणवत्ता और गति में सुधार नहीं हुई तो जरूरत पड़ने पर कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### टेल्को प्रखंड कांग्रेस और मंडल कमेटी ने नुक्कड़ सभा का किया आयोजन


जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के संयुक्त आह्वान पर टेल्को प्रखंड कांग्रेस एवं मंडल कमिटी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जेम्को शहीद भगत सिंह चौक में सभा की शुरूआत शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गयी। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा मोदी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकारी नौकरियों के अवसर लगातार कम हो रहे हैं।

### अखिल भारतीय बुद्धिजीवी मंच ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय बुद्धिजीवी मंच के बैनर तले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की जघन्य हत्या के विरोध में मानगो डिमना रोड से डिमना चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया।कैंडल मार्च में सैकड़ों की संख्या में बुद्धिजीवी, समाजसेवी और मंच के सदस्यगण तख्तियां लेकर शामिल हुए। सभी ने मंच के मुख्य कार्यालय से प्रारंभ होकर डिमना चौक तक केंडल मार्च निकाला। जहां दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपस्थित बुद्धिजीवी मंच के लोगो ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर बुद्धिजीवी मंच के मुख्य संरक्षक राम जी राय, संरक्षक कमल कान्त झा, अध्यक्ष जीवछ झा, उमेश चन्द्र सिंह, धनंजय शुक्ला, भीम प्रसाद शर्मा, ललेश पाठक, नवीन कुमार, राधा रमण अग्रवाल, कृष्णा शर्मा,शिव प्रकाश शर्मा, राजेश कुमार मिश्रा, पंडित विपिन कुमार झा, सोम नाथ मिश्र सहित अन्य कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी लागों की समस्याएं



गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उन्होंने जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना एवं उसके निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। मंगलवार के जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

# अपने ही ऑटो में मिला युवक का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के एचपी पेट्रोल पंप के समीप बीती रात्रि अपने ही ऑटो में एक युवक का रक्त रंजीत शव पाया गया। उसकी पहचान बुका निवासी रामलाल पासवान का 30 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र पासवान उर्फ लाला राम के रूप में की गयी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना के एसआई दिनेश सिंह ने घटना स्थल से ऑटो और मृतक सत्येंद्र को भवनाथपुर सीएचसी लाया गया, जहां डॉ रंजन दास ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को अहले सुबह घटना की सूचना आग के तरह फैलने से आसपास के लोगों का सीएचसी में हुजूम लग गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक की हत्या करने की आशंका जतायी जा रही थी, जबकि पुलिस के द्वारा यह एक सड़क दुर्घटना बताया गया। इस घटना में मृतक सत्येंद्र के ऑटो में बायें तरफ से किसी अज्ञात गाड़ी से धक्का लगने से खरोंच का निशान था, जबकि मृतक का सिर गंभीर रूप से फट गया था, जिससे प्रतीत हो रहा था, कि कोई लोहे के धारदार हथियार से माथे पर प्रहार किया गया हो। हालांकि थाना प्रभारी रजनी रंजन ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्म के लिए गढ़वा भेजते हुए जांच पड़ताल में जुट गये है। घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार को सत्येंद्र अपने घर से पनियाही गया हुआ था, जहां एक लोहे का चारपाई बनवाकर ऑटो से वापसी के क्रम में पेट्रोल पंप के पास यह घटना घटित हुई, सूचना पर पहुंची पुलिस घटना स्थल पहुंचकर ऑटो और मृतक को लाया गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए किया सड़क जाम का प्रयास मंगलवार के सुबह सीएचसी में शव होने की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ आस पास के सकैडों ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। परिजनों के साथ महिला पुरुष आवागमन ठप हो गया।



हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों ने किया सड़क जाम का प्रयास।

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रजनी रंजन ने मृतक के परिजनों को हर हाल में न्यायोचित कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए लोगों को सड़क से हटवाते हुए शव को अंत्यपरीक्षण हेतु भेजवाया।

इस संबंध में थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह एक्सीडेंटल मामला प्रतीत हो रहा है। मृतक के साथ टेंपो पर सवार एक अन्य युवक की खोजबीन की जा रही है, जिससे सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने मृतक के परिजनों को न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# नशे में युवक ने की वृद्ध की हत्या

## अपनी मां, पत्नी और भवोह को मारपीट कर किया घायल, घर में लगायी आग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** थाना क्षेत्र के बिकताम गांव में सोमवार की मध्य रात्रि में एक युवक ने 90 वर्षीय एक वृद्ध की हत्या गला दबाकर तथा मारपीटकर कर दिया साथ ही अपनी मां, पत्नी तथा भवह (छोट भाई की पत्नी) को मारपीट कर घायल कर दिया तथा घर में आग लगा कर पास के जंगल में भाग गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिकताम के भुइयां टोला निवासी उपेंद्र भुईयां उर्फ अकलू भुईयां मध्य रात्रि में नशे की हालत में अपनी पत्नी की कथित प्रेमी से उलझ गया, हो हल्ला होने पर पहुंची अपनी मां कोलपतिया कुंवर, पत्नी मनीता देवी, अपने छोटे भाई की पत्नी सुनीता देवी तथा कमलेश भुईयां को मारपीट कर घायल कर दिया। इसी दौरान उसने 90 वर्षीय बोदी भुइयां को गला दबाकर तथा मारपीट कर हत्या कर दिया। ज्यादा हो हल्ला होने पर उसने अपने छोटे भाई के घर में आग लगा कर पास के ही जंगल में भाग गया। मंगलवार की सुबह में मृतक का बेटा लाल बिहारी भुईयां ने अपने पिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उपेंद्र भुईयां उर्फ अकलू भुईयां पर एफआईआर दर्ज करने का लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि अहले सुबह घटना की जानकारी मिलने पर दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच कर घटना की जानकारी लिया तथा आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 92/25 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दादा-दादी और नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर बाजार में दादा दादी, नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के सभापति लक्ष्मी कांत प्रजापति और देवंती देवी का चयन किया गया। संरक्षक बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, बबन साह, कामेश्वर साह सचिव राम सुरेश राम, सह सचिव काशी राम, कोषाध्यक्ष बजरंगी साह, पूर्व मुखिया केदारनाथ चौबे, प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती माता ॐ, भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए उसका उद्देश्य को विस्तार से रखा। कार्यक्रम में कुल 38 महिलाएं एवं 56 पुरुष अभिभावकों की उपस्थित थे। भैया बहनों के द्वारा दादा दादी नाना नानी का चरण धुलाकर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार और रीता चौबे ने की। इस मौके पर आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, प्रीति शर्मा, अरुण, इंद्रजीत गुप्ता, रामकेवल साह, मनीष पटेल, अमन, नीता गुप्ता, अमृता पाठक, सुगन, बिरेंद्र आदि उपस्थित थे।





# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई केतार के तत्वाधान में मंगलवार शाम लगभग 6:30 बजे कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। अंबेडकर चौक से कर्पूरी गेट तक मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकालकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने हमले की कड़ी निंदा किया। शहीदों को श्रद्धांजलि दी, साथ ही 2 मिनट का मौन धारण किया। प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध मार्च में महागठबंधन के सभी नेता, झामुमो के बूथ, पंचायत और प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य काफी संख्या में शामिल हुए। उक्त अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें और शहीदों के सम्मान में एकजुटता दिखाएं। कैंडल मार्च के दौरान 'आतंकवाद मुदार्बाद' पाकिस्तान मुदार्बाद और 'शहीदों अमर रहें' हिंदुस्तान ज़िंदाबाद के नारे गूंजते रहे। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष के साथ इम्तेयाज अंसारी, छोटन सिंह, संजय वर्मा, जयमाल प्रसाद, बिंदु राम, संजय सिंह, रामविचार साहू, सुरेश प्रसाद, जसमुद्दीन अंसारी, कामेश्वर सिंह, दीपक वर्मा, श्याम बिहारी सिंह, सूर्यनाथ सिंह, जयंत विश्वकर्मा, सुशील यादव, नसीम अहमद, आफताब आलम, विश्वनाथ सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पहलगाम घटना के विरोध में सोमवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पहलगाम घटना के विरोध में सोमवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। गर्ल्स हाईस्कूल के समीप से मार्च निकला। मार्च में शामिल लोग हाथ में कैंडल लेकर मेन रोड़ होते हुए थाना के समीप पहुंचे। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, घटना में शामिल अतांकवदियों को कड़ी सजा दो, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। इस दौरान वरिष्ठ झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद पूरे देश मे आक्रोश है। पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कायरता पूर्ण हरकत की है उसका हिसाब तत्काल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि झामुमो इस घड़ी में सरकार के साथ है। इस दौरान घटना में जान गवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। मार्च में प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, कमलेश मेहता, किरण देवी, शहरी अध्यक्ष अजय प्रसाद, अमर राम, निर्मल पासवान, कामता प्रसाद, मिंटू कुमार, गड्डू कुमार, उषा देवी, तस्लीम खान, श्याम सुंदर राम, मुकेश सिन्हा, महमूद आलम, रमेश चंद्रवंशी, नेहा कुमारी, गोपाल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बीडीएसयू के इंजीनियरिंग छात्रों ने ग्रासिम इंडस्ट्रीज का औद्योगिक भ्रमण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने आज ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आदित्य बिरला ग्रुप), रेहला का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का आयोजन छात्रों को उद्योग जगत की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। छात्रों के दल का नेतृत्व डॉ पंकज कुमार (डीन, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) तथा अन्य संकाय सदस्यों–राजीव कुमार सिंह, आकाश कुमार, नीतू सिंह और ऋतिक द्विवेदी–ने किया।

इस कार्यक्रम का समायोजन एचआर पद्माकर लाल दास, ग्रासिम रेहला और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, डॉ ललन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज के अधिकारियों ने उत्कृष्ट मेजबानी का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण के सफल आयोजन पर कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में ऐसे और अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों के व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# मनरेगा योजना में मजदूर के बदले जेसीबी मशीन से हो रहा है काम, मजदूर पलायन को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** गढ़वा जिला के सगमा प्रखंड में रात के समय डोभा निर्माण वीडियो वायरल होने के बाद समाचार लेने पहुंचे पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की कर मोबाइल छीनने की कोशिश की गयी। जानकारी के अनुसार सगमा प्रखंड के सोनडीहा दक्षिण गांव में लाभुक अहमद अली के नाम से मनरेगा के तहत डोभा निर्माण हो रहा है, जिसकी प्रकल्लित राशि तीन लाख इकहतर हजार आठ सौ सरसठ रुपया है। उक्त निर्माण मजदूर के बजाय सोमवार की रात्रि में जेसीबी मशीन से हो रहा था। ग्रामीणों के द्वारा इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया, वीडियो वायरल होने के बाद सुबह के समय करीबन 10 बजे के लगभग पत्रकार श्याम बच्चन यादव तथा इदरीश अंसारी घटना स्थल पर पहुंचकर फोटो खींच रहे थे इसी

### फोटो खींचे जाने पर संवेदक ने पत्रकारों से की धक्का-मुक्की, मोबाइल छीनने का प्रयास किया

समय लाभुक अहमद अली का बेटा अनीस अंसारी तथा बिचौलिया संजय यादव पिता जगदीश यादव के द्वारा फोटो लेते पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की कर मोबाइल छीनने का प्रयास करते हुए कहा गया कि फोटो नहीं खींचने देंगे, ज्यादा बोलियेगा तो कुछ भी हो सकता है। जिस कारण पत्रकारों में भय देखा जा रहा है। बताते चलें कि उक्त डोभा निर्माण का मेठ अहमद अली की बहू अनीस अंसारी की पत्नी है। उक्त योजना में अभी तक लगभग एक लाख पचहत्तर हजार नौ सौ रुपये की निकासी कर लिया गया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्माण में इसके पहले कोई काम मजदूर से नहीं कराया गया है एक एक रात के समय जेसीबी से कम किया जा रहा है, जबकि गांव के मजदूर काम के तलास में बाहर जाने को मजबूर हैं।

इस संबंध में प्रखंड प्रमुख अजय साव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जो भी लाभुक हो या मेठ हो डोभा निर्माण में जेसीबी चलाया गया है, सारा सर गलत है। मनरेगा का योजना है तो मजदूर से काम होना चाहिए और प्रमुख ने कहा कि हम लोग मजदूरों को पलायन रोकने में लगे हुये है। वहीं उप प्रमुख अर्जुन पासवान ने कहा कि पत्रकार एक समाज का आइना होता है, अगर किसी मामले को उजागर करने जाते हैं, तो पत्रकार का मोबाइल छीनना और अभद्र व्यवहार, धकामुकि के साथ धमकी देना सरासर गलत बात है। संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि बीपीओ को जांच करने का आदेश दिया गया है।


## 'कॉफी विद एसडीएम': एसडीएम ने होटल संचालकों के साथ कॉफी पर किया संवाद

# सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए सजगता और जिम्मेदारी से व्यवसाय करें : एसडीएम

### होटलों को पर्यटन विभाग से पंजीकरण का दिया सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में अनुमंडल क्षेत्र के होटल संचालकों के साथ अपने यहां कॉफी पर अनौपचारिक संवाद किया। मंगलवार को आयोजित इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में होटल मालिकों, प्रबंधकों के अलावा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार और जिला पर्यटन कार्यालय के विशेषज्ञों ने सहभागिता निभायी।





**रखी शिकायतें दिए सुझाव :** होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों ने संवाद के दौरान न केवल अपनी समस्याएं रखीं, बल्कि शहर की बेहतरी को लेकर कुछ सुझाव भी दिये। होटल महाराजा पैलेस के संचालक प्रकाश कुमार ने मझिआंव मोड और आसपास में टेंपो तथा टोटो चालकों के चलते लगने वाले जाम के बारे में शिकायत की, इस पर एसडीएम द्वारा बैठक में मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी से पूरे शहर में शहरी प्रबंधन को दुरुस्त करने को कहा गया। कुछ होटल व्यवसायों द्वारा साफ सफाई के मुद्दों को भी उठाया गया।

**होटल व्यवसायी पहली बार हुए एकजुट :** तिवारी रेस्ट हाउस के संचालक उमाकांत तिवारी तथा होटल पद्मावत के संचालक राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यह पहला मौका है जब गढ़वा के सभी होटल संचालक एक मंच पर आये और इसका श्रेय 'काफी विद एसडीएम' कार्यक्रम को जाता है। इस पर सभी होटल व्यवसायियों ने एकमत से निर्णय लिया कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर अपने स्तर पर भी बैठक करेंगे।

**सभी होटल सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कार्य करें**

अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सहभागियों से अपील की कि वे होटल व्यवसाय जैसे अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य को पूरी सजकता और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए करें। अपने यहां प्रत्येक ठहरने वाले व्यक्ति की विवरणी आईडी के साथ संधारित करें तथा नियमित अंतराल पर इस सूची को थाना प्रभारी के साथ भी साझा कर विधि व्यवस्था संधारण में मदद करें। उन्होंने कहा कि होटल व्यवसाय से जुड़े लोग विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण में प्रशासन के बड़े सहयोगी की भूमिका निभा सकते हैं।

झारखण्ड सरकार
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।
निविदा सूचना
पत्रांक–रा0खा0आ0 (लेखा) 02/2021 –25 राँची, दिनांक–28.04.2025

1. झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची अन्तर्गत कार्यालय उपयोग हेतु बाह्य स्त्रोत से किराये पर वाहन रखने के लिए झारखण्ड राज्य अन्तर्गत आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।
   निविदा दिनांक– 14.05.2025 को अपराह्न 01 बजे तक सदस्य सचिव, झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में प्राप्त नहीं की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक– 14.05.2025 को अपराह्न 03 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
2. इच्छुक निविदादाता को अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय निविदा ससमय समर्पित करना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी निविदा क्रय समिति द्वारा स्वीकृत किया जायेगा, उन्हीं निविदादाताओं के वित्तीय निविदा विचारणीय होंगे। निविदा में निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि ही भाग ले सकते हैं।
3. निविदा सम्बन्धी शर्त्त एवं वित्तीय निविदा का प्रारूप कार्यालय के सूचनापट्ट एवं झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के वेबसाईट www.jharkhandsfc.in पर उपलब्ध है।
4. उपर्युक्त पर प्रभारी अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची का आदेश प्राप्त है।

ह0/–
(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।
PR 351315 Jharkhand State Food Commission(25-26)D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA
Short e-Procurement Tender Notice (2nd Call)
Tender Reference No: - SPUF/MID/KODERMA/F2-03/2025-26
Letter no: -311 Date: - 29.04.2025
Details of Works:-

| SL. No. | Name of Block | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Domchanch | Construction of P.C.C Main Road and Guard Wall at Vill -Gharwariyabar, G.P. Behradih, Under Domchanch Block | 36.182 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 06.05.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 13.05.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 13.05.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 15.05.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: -1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Koderma
PR 351334 (Minor Irrigation)25-26*D

E-Procurement Notice
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION-2,
Ranchi
Notice Inviting Tender
Tender Reference No:-R.F.P 01 /2025-26/BCD/EE/DIV NO-02,RANCHI. Date:-30-04-2025

*Online* bids are invited by Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division-02,Ranchi for appointing *Consultancy Service for Preparation of DPR " Acoustics Treatment enhancement/ Design, testing of Sound system and Consultancy for the Jharkhand Vidhan Sabha Assembly Hall" at Dhurwa, Ranchi."* from qualified reputed Consultancy firms.

| | |
|---|---|
| Date of Upload of RFP Document | From 0605.2025, 10.00 A.M. |
| Last date of online submission of RFP and Bid Document | 21.052025upto 1.00 P.M |
| Date and Time of Opening of Technical | 22.05.2025at 1.00 P.M |
| Time of work completion | 02 (Two) Months |
| Date of Pre Bid meeting | 13.052025 at 11.30 A.M. |
| Place of Pre Bid meeting | e-procurement Cell, Room No. 326A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi |
| Place of Opening | e-procurement Cell, Room No. 326A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi |
| Cost of RFP Documents | Rs.3,000/- ( Three Thousand Only) |

Note-Only electronic receipt of Cost of Tender and Earnest Money Deposit (Bid Security) will be acceptable as per provisions of Standard Operating Procedure (SOP) Issued by Information Technology & e- Governance Department, Government of Jharkhand Vide Order Memo No. 120, Dt. 03.10.23 of Secretary, Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand. http://jharkhandtenders.gov.in
Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
BuildingConstruction Department, Building Division-2,Ranchi.
PR 351394 Building (25-26)D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
08

# झिमड़ी गांव की 5 महिलाएं समेत 28 नामजद और 100 अज्ञात के विरुद्ध एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना अंतर्गत झिमड़ी गांव में गत शनिवार शाम को हुई हिंसक घटना को लेकर नीमडीह पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए एफआइआर दर्ज किया है। नीमडीह अंचलाधिकारी के लिखित शिकायत पर 28 नामजद समेत 90-100 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में पांच महिलाएं भी शामिल हैं। नीमडीह अंचलाधिकारी ने अपने लिखित शिकायत में बताया है कि तरुण महतो द्वारा भीड़ को उकसाया गया था। भीड़ ने आरोपी तस्लीम के घर, दुकान, मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर पर आग लगा दी है। वहीं, भीड़ ने दो सरकारी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। भीड़ द्वारा पथराव किये जाने से तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गये हैं। आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, पुलिस




कर्मियों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी करने से संबंधित धाराओं के साथ मामला दर्ज किया गया है।

नीमडीह पुलिस ने अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार के लिखित शिकायत पर चित्त महतो, सरस्वती कुम्हार, सुशील मछुआ, बासुदेव महतो, पारू देवी, सुशीला महतो, सरला महतो, जयचंद कुम्हार, बिरेन कुम्हार, बांका महतो, दुर्गा चरण महतो, आकाश महतो, सपन महतो, महावीर महतो, गोपाल महतो, रथु गोराई, प्रकाश महतो, हाड़ीराम कुम्हार, नरेश महतो, शुभाष कुम्हार, राजीव कुम्हार, जीतू गोराइ, गोवर्धन महतो, सुधीर महतो, अनिता महतो, तरुण कुमार महतो, सतीश महतो, पद्मलोचन महतो समेत




90-100 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज किया है।

**कोर्ट मैरेज सर्टिफिकेट होने लगी सोशल मीडिया पर वायरल**

झिमड़ी गांव में विगत शनिवार शाम को दो समुदाय के बीच हुई हिंसक घटना में अब और नया मोड़ आ गया है। रविवार सुबह से सोशल मीडिया पर आरोपी तस्लीम आलम और रीता महतो का बंगाल के इलाम बाजार कोर्ट में हुई कोर्ट मैरेज का सर्टिफिकेट वायरल होने लगा है। इसमें 18 मार्च को आसनसोल कोर्ट में रीता महतो के द्वारा इस्लाम और निकाह कबूल करने का पुष्टि की गयी है और 19 मार्च को इलामपुर कोर्ट में तस्लीम आलम और रीता महतो का कोर्ट मैरेज सर्टिफिकेट भी बना है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी तस्लीम आलम तीन बच्चों का पिता भी है। वही पीड़ित रीता महतो की मां का कहना है कि लड़का तस्लीम आलम घर आकर धमकी लेने लगा और बोलने लगा कि लड़की रीता महतो से कोर्ट मैरेज किया गया है, इसलिए उसका कहीं दूसरा स्थान पर शादी नहीं कर सकती हैं। इस पर लड़की की मां ने बोली कि कोर्ट मैरेज की बात हमको पता नहीं है और न ही लड़की द्वारा इस सबंध में कुछ बताया गया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार देर रात आरोपी तस्लीम आलम घर आकर जबरन रीता महतो को उठा कर ले गया। परिवार वालों द्वारा जब मना किया जाने लगा, तो लड़का ने मारने पीटने की बात कही और घर से उठा कर ले गया।

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए जिला प्रशासन से मांग की है और उचित कारवाई करने की मांग की है।

### स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर भी उठ रहा सवाल

**पीड़ित परिवार के अनुसार 24 अप्रैल को थाना में दिया गया पर सूचना को रजिस्टर में नहीं चढ़ाया गया। एफआइआर दर्ज भी नहीं किया गया, दो दिन तक प्रशासन का चुप रहना, ग्रामीणों द्वारा कारवाई करने पर प्रशासन का लाठीचार्ज करना, निर्दोष ग्रामीणों को जेल में बंद करना, दबाब पड़ने पर 26 अप्रैल को एफआंइआर दर्ज करना और रातों रात आरोपी को गिरफ्तार करना और फिर अचानक से अवैध शपथ पत्र और मैरेज सर्टिफिकेट का वायरल होना। इन सब बिंदुयों का यदि पहले ही प्रशासन तत्परता दिखाती, तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं घटती।**

# अवैध बालू के खिलाफ प्रशासन ने लगाया बैरियर, तैनात रहेंगे अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** पंचायत प्रतिनिधियों ने जिले के उपायुक्त को अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया था। जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ईचागढ़ और कुकडु थाना क्षेत्र में अवैध बालू का जांच के लिए मंगलवार को बेरियर लगाया गया। पूर्व में आवेदन में कहा गया है कि अवैध बालू कुकड़ू प्रखंड़ के सिरुम चौक और ईचागढ़ प्रखंड़ के मिलन चौक एवं ईचागढ़ थाना से होकर अवैध बालू का परिवहन किया जाता है। इस तत्काल कार्रवाई करते हुए उपायुक्त सरायकेला खरसावां रवि शंकर शुक्ल ने उक्त तीनों जगहों पर दो पालियों संध्या सात बजे से लेकर बारह बजे तक और बारह बजे से लेकर सुबह सात बजे तक



दंडाधिकारियों की नियुक्ति किया। सभी को आदेश दिया गया है कि चिंहित जगहों पर सायं के सात बजे से लेकर सुबह के सात बजे तक अवैध बालू, पत्थर आदि का जांच कर और सभी का फोटोग्राफी भी करना है।

अवैध बालू खनन एवं परिवहन के रोक कार्य में ईचागढ़ सीओ दीपक प्रसाद को ईचागढ़ और कुकड्ड प्रखंड़ क्षेत्र का संपूर्ण वरीय पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं सोमवार को देर रात जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने देर रात को ईचागढ़ और कुकड्ड क्षेत्र का भ्रमण किया था। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन और परिवहन नहीं करने दिया जायेगा। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के झाड़ुवा और कुकड्ड प्रखंड़ के तिरुलडीह में बेरियर लगाया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र लगातार औचक निरीक्षण किया जायेगा और इस अवैध बालू खनन एवं परिवहन कार्य कर रहे लोगों को चिन्हित कर कारवाई किया जायेगा।

# महावीर मंदिर के जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** महावीर मंदिर के जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर भव्य झांकियां निकाली गयी और बुंडू का वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर भगवान महावीर की प्रतिमा के साथ अन्य प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। भगवान का महा स्नान और नगर भ्रमण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जगह-जगह शिव तांडव और लंका दहन का दृश्य लोगों को दिखाया गया। रात्रि में भजन-कथा और भंडारे का आयोजन किया गया। अयोध्या धाम से पधारे परम श्रद्धेय पंडित मृत्युंजय महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा और धर्म की महिमा का रसपान करा रहे हैं। मंदिर महोत्सव को भव्य बनाने के लिए बुंडू थाना रोड को





आकर्षक ढंग से विद्युत झालरों से सजाया गया है। नगरवासियों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का मुख्य आयोजन 30 अप्रैल को होगा, जब विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महावीर मंदिर में मुख्य देवताओं की मूर्तियों की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही मंदिर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना के लिए समर्पित कर दिया जायेगा।

# सचिवालय में आधार कार्ड सीडिंग को लेकर कैंप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत सचिवालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए आधार सीडिंग के लिए कैंप का आयोजन किया गया। रांची उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने निदेश पर खलारी प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत में इस कैंप का आयोजन किया गया था। यह कैंप सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 03 तक आयोजित किया गया। इस संबंध में राय पंचायत की मुखिया शीला देवी ने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के




लाभुकों के लिए पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि कैंप में योजना अंतर्गत उन लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग की गयी, जिन्हें तीन महीने की एकमुश्त सम्मान राशि 7500 रुपये तीन अप्रैल या उसके पश्चात मिली है। जिन लाभुकों को तीन अप्रैल 2025 से पहले एकमुश्त तीन महीने की सम्मान राशि बैंक खाते में स्थानांतरित की गयी थी, उन्हें कैंप में आने की आवश्यकता नहीं है, उनका आधार बैंक खाते से सीडेड है। ज्ञात हो कि विभागीय संकल्प के आलोक में योजना के लाभुकों को अप्रैल-2025 से केवल आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही सम्मान राशि का भुगतान किया जाना है। उन्होंने बताया कि कैंप में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गयी। इस अवसर पर काफी संख्या में प्रखंड के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बैंक से लौट रहे सीसीएलकर्मी से डकरा में 50 हजार रुपये की छिनतई

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा स्थित महावीर कालोनी के निकट सीसीएलकर्मी गेंदा गंझू (उम्र 40 वर्ष) से 50 हजार रूपये की छिनतइ हो गयी। घटना सोमवार दोपहर पौने एक बजे की है। गेंदा गंझू बैंक आफ इंडिया की खलारी शाखा से पैसे निकाला था। बैग में पैसे रखकर अपने घर लौट रहा था। इसी बीच इंडियन ओवरसीज बैंक डकरा शाखा के पीछे महावीर कालोनी के निकट एक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात अपराधी वहां आये और गेंदा गंझू से पैसे का बैग झपट्टा मारकर चलते बने। बैग में 50 हजार रूपये नगद के अलावा बैंक का पासबुक भी था। घटना की जानकारी मिलते ही खलारी पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए सक्रिय हो गयी है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मालूम हो कि बैंक आफ इंडिया की खलारी शाखा से पैसा निकालकर जाने के दौरान पूर्व में कई छिनतई की घटना घट चुकी है। अपराधी बैंक के निकट से ही अपने शिकार का लक्ष्य बना लेते हैं और उन्हें अनुकूल जगह पाते ही छिनतई की घटना को अंजाम देते हैं।

## मोनेट प्रबंधन ने सोनाडुबी नदी की करायी सफाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मोनेट डेनियल कोल वाशरी प्रबंधन ने भूतनगर के निकट सोनाडुबी नदी की सफाई करायी। नदी में कोयला खदान का ओबी और कीचड़ भर गया था। डकरा खदान से कोयला उत्पादन के क्रम में निकला ओबी सोनाडुबी नदी में कीचड़ भर रहा है। भूतनगर की काफी आबादी पानी के लिए सोनाडुबी नदी पर ही निर्भर है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए मोनेट प्रबंधन ने मशीन भेजकर नदी से कीचड़ और ओबी हटवाया। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने इस नेक कार्य के लिए मोनेट प्रबंधन का आभार जताया है। वहीं सीसीएल प्रबंधन से सोनाडुबी नदी को प्रदूषित नहीं करने की अपील की है।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने जीएम से मुलाकात की



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पिपरवार क्षेत्र के जीएम से मुलाकात की। इस दौरान यूनियन के प्रतिनिधियों ने जीएम को कोयला डिस्पैच एवं उत्पादन लक्ष्य को पूरा होने पर बधाई दिया, साथ ही संगठित एवं असंगठित मजदूरों के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए विभिन्न समस्याओं के निदान की मांग की। जिसमे मुख्य रुप से पीट ऑफिस में पीने का शुद्ध पेयजल, शौचालय, कैंटीन, रेस्ट सेंल्टर, सर्विस बुक में सुधार,आवास आवंटन, मरम्मत,कॉलोनी में सुचारू रूप से सफाई, सेवानिवृत कर्मचारियों का बकाया भुगतान, असंगठित मजदूरों का निजी कंपनियों में रोजगार सृजन, बहाली और कार्यरत कर्मियों को एचपीसी के अनुशंसा के मुताबिक भुगतान, आरएंडआर पॉलिसी के तहत विस्थापितों को नौकरी, मुआवजा, रोजगार, पहचान पत्र,शिक्षा, चिकित्सा आदि मुद्दों को से अवगत कराया। जीएम संजीव कुमार के द्वारा विभिन्न समस्याओं पर जल्द ही समाधान और निदान करने का आश्वासन दिया गया।

# लंबित सभी विकास योजनाओं को पूरा करायें अधिकारी : कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडाने जिले के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे लंबित सभी विकास योजनाओं को जल्द पूरा करायें। सांसद मंगलवार कों समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, सभी प्रखंड प्रमुख, जन प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, बीडीओ, सीओ उपस्थित रहे। बैठक में सांसद ने कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए पूर्व से लंबित प्रधानमंत्री




आवास निर्माण को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। भूमि संरक्षण विभाग और जल छाजन के तहत बनाये गये तालाबों में मछली पालन को लेकर जिला मत्स्य पदाधिकारी से जानकारी ली गयी। साथ ही वैसे तालाब जहां मछली पालन अब तक प्रारंभ नही किया गया है, उन तालाबों को चिह्नित कर मछ्ली पालन का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं पथ निर्माण विभाग द्वारा वैसे सड़क या पुल निर्माण कार्य जो काफी समय से लंबित है उन्हें जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल के तहत बनाये गये जल मीनार, चापाकल और पेयजल की अन्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने को कहा गया। कार्यपालक अभियंता को सख्त हिदायत दी गयी कि वह गुणवत्तापूर्ण तरीके से अपने सभी कार्यों को कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। लघु सिंचाई के तहत हर प्रखंड में योजना लेने का निर्देश दिया गया। भू अर्जन विभाग के तहत जमीन अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा भुगतान ससमय करने का निर्देश दिया गया। विद्युत प्रमंडल के तहत खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ठीक करने की जानकारी ली गयी एवं खराब होने वाले ट्रांसफार्मर को अविलंब ठीक करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों को नियमित वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए क्षेत्र में ड़ेंगू की रोकथाम को लेकर दवा का छिड़काव कराने एवं अस्पतालों में रोएस्टर अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर वन विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षाकी गयी।

# एफसी अराडीह ने एसपी ब्रदर्स को 8-0 से हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 23वां मैच एफसी अराडीह ओर एसपी ब्रदर्स के बीच जीइएलचर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। खेल शुरू होने से पहले एनसी स्पोर्टिंग के कोच मंतेश्वर के अगुवाइ में पहलगाम हमले में मारे गये लोगों की आत्मा के शांति के लिए मौन रखा गया। एफसी आराडीह की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम एसपी ब्रदर्स को 8-0 से हराया। अराडीह की टीम से विश्वनाथ मुंडा ने 2, प्रकाश अहीर ने 2, प्रदीप, अशोक मुंडा और जितेंद्र ने एक-एक गोल किया। वहीं एसपी ब्रदर्स के जयपाल ने आत्मघाती गोल किया। मैन ऑफ द मैच का खिताब एफसी अराडीह के विश्वनाथ मुंडा को रामेश्वर मुंडा के द्वारा सम्मानित किया गया। मैच का संचालन रेफरी गुप्तेश्वर मुंडा, महावीर पुराण, करम मुंडा, रामेश्वर मुंडा ने किया। मैच दौरान आयोजक पीपीएसए के संरक्षक हीरालाल दास, अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा, उपसचिव करम मुंडा कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने किया कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण, उत्पादन बढ़ाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूनिट में उत्पादित वस्तुओं की गुणवत्ता, उत्पादन प्रक्रिया एवं विपणन प्रणाली की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने नये बृष्टि ग्रीन फार्मर महिला एफपीओ को बेहतर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि विगत वर्ष 45 टन कटहल की प्रोसेसिंग कर कैंनिग, चिप्स और आटा तैयार किया गया था। कटहल का सीजन प्रारंभ हो चुका है, इस वर्ष कटहल प्रोसेसिंग में और वृद्धि करें और इसे 65 टन तक पहुंचाने का प्रयास करें। उपायुक्त ने एफपीओ किसानों



के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से न केवल कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी नया बाजार मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा, ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। उल्लेखनीय है कि यहां निर्मित उत्पादों की बिक्री न केवल ऑनलाइन इ-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे एमेजॉन के माध्यम से की जा रही है, बल्कि ऑफलाइन माध्यम से भी विभिन्न राज्यों में इनकी खपत हो रही है। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) अमरेश कुमार, कार्यकारिणी एजेंसी एडुकेटर एक्स्ट्रा ऑर्डिनर की तकनीकी टीम, बृष्टि ग्रीन फार्मर महिला एफपीओ के सदस्यगण समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग का आयोजन


# अभिभावकों ने अपने-अपने विचार रखे

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों के माता-पिता और अभिभावकों के साथ पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। मंगलवार को कक्षा दस के विद्यार्थियों के लिए पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग हुआ। सर्वप्रथम अभिभावकों के साथ प्राचार्य डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल ने दीप प्रज्ज्वलन किया। मौके पर अपने संबोधन में प्राचार्या डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल ने विद्यालय और अभिभावकों में बेहतर तालमेल बनने की बात कही। वहीं उन्होने समय-समय पर अभिभावकों को विद्यार्थी हित में सुझाव देने के लिए भी कहा ताकि विद्यालय सुचारू रूप से चले। शिक्षक विशाल शर्मा ने नयी शिक्षा पद्धति 2020 से अभिभावकों का परिचय कराया।



शिक्षिका अनिमा कांसीर ने एकेडमी संबंधी जानकारी दी। शिक्षक प्रभाकर शर्मा ने बेसिक मैथ्स और स्टैंडर्ड मैथ्स के बारे में विस्तार से बताया और शिक्षिका प्रतिमा बागे ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग में शिक्षिका आरती प्रसाद ने अनुशासन, एकेडमी तथा एलओसी के बारे में बताया। शिक्षक विकास मिश्रा ने इंटरनल असेसमेंट के बारे में बताया और शिक्षक सविता नंदन सिंह ने सह-पाठ्यक्रम क्षेत्र तथा माता-पिता की



भूमिका के बारे में अपने विचार साझा किये। अंत में प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस मीटिंग में भाग लेने वाले सभी माता-पिता और अभिभावकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कक्षा नौ और दस में पढ़ाने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आइएचएम रांची में चतुर्थ ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन

# छात्रों के लिए यह अवसर और चुनौती का समय है : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा स्थापित होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) ब्राम्बे में संचालित त्रिवर्षीय बी एससी इन होस्पितालिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम जो की राष्ट्रीय होटल प्रबंध और केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद (एनसीएचएमसीटी) नॉएडा से संचालित है, हेतु स्नातक समारोह का आयोजन मंगलवार को संस्थान के परिसर में आयोजित की गयी। इस समारोह में बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम, बैच 2022-25 के सभी 77 विद्यार्थियों को अध्ययन समापन प्रमाण पत्र एवं देश-विदेश के विभिन्न होटलों तथा सेवा क्षेत्रों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान की गयी। स्नातक समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तथा विशिष्ट अतिथियों में पर्यटन सचिव झारखंड सरकार मनोज कुमार, आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार विभागाध्यक्ष डॉ आलोक अस्वाल औरवरिष्ठ व्याख्याता डॉ अनिंदिता भारद्वाज रहें।

राज्यपाल द्वारा पहलगाम हमले में मारे गये मासूम निर्दोषों को श्रद्धांजली देते हुए विशिष्ट अतिथि, आईएचएम रांची के प्राचार्य, सभी उपस्थितगणों और अभिभवाकों का अभिवादन किया गया तथा पाठ्यक्रम पूरा कर शतप्रतिशत रोजगार प्राप्त करने वालो छात्रों जीवन की नयी शुरूआत हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ हीं छात्रों के जीवन को नयी दिशा देने वाले संस्थान के प्राचार्य एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत की काफी सराहना करते हुए बताया कि छात्रों के लिए यह अवसर और चुनौती का समय है, जहां छात्र अपने विवेक और कुशल कौशल से आतिथ्य एवं सत्कार के क्षेत्र में उन्नति प्राप्त कर सके। पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने मंचस्थ उपस्थित मुख्य अतिथि, संस्थान के प्राचार्य, कर्मी, सभी अभिभावक एवं उपस्थितगणों का आभार व्यक्त करते हुए वर्ष 2025 में ग्रेजुएट हो रहे छात्रों को देशभर के प्रतिष्ठित होटलों और सेवा क्षत्रों में शतप्रतिशत रोजगार प्राप्त करने हेतु बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी।

आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने इस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ सभी उपस्थितगन्नों का आभार व्यक्त करते हुए स्टूडेंट ऑफ द इयर और सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनायें दी। तत्पश्चात डॉ कुमार ने वर्ष 2019 में स्थापना के 6 वर्षों में संस्थान की कड़ी मेहनत और लगन से देश के टॉप 10 सरकारी होटल प्रबंधन संस्थानों में अपना नाम शुमार करने, सीएसआर 2025 की रैंकिंग सर्वे में टॉप 3 स्थान प्राप्त करने, प्रधानमंत्री के आह्वाहन पर झारखंड राज्य के मिलेट 'मड़ुआ' आधारित लगातार वर्षों में स्थापित कीर्तिमान, नयी दिल्ली में यूनेस्को द्वार आयोजित विश्व धरोवर सममिति की 46 सत्र सम्मलेन में संस्थान के छात्रों द्वारा प्रतिनिधियों का आतिथ्य सत्कार करने जैसे उपलब्धियों को सभी के समक्ष साझा किया।

तत्पश्चात पूरे पाठ्यक्रम के दौरान उपस्थिति, शैक्षणिक परिणाम, पाठ्येतर गतिविधि, प्लेसमेंट में प्रदर्शन के आधार पर वर्ष 2025 हेतु सुश्री बिदिशा रे को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' चुनी गयी तथा गोल्ड मेडल एवं 11000 रुपये नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

आईएचएम रांची के छात्रों ने संस्थान में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए 100% प्लेसमेंट प्राप्त कियो कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में देशभर के कुल 15 नामी-गिरामी एवम् प्रतिष्ठित होटल ग्रुप एवं अन्य संस्थाओं ने हिस्सा लिया। इनमें ताज होटल्स, पार्क होटल्स, ओबेरॉय होटल्स, आईटीसी होटल्स, सोडेक्सो, दिल्ली ड्यूटी फ्री, स्टर्लिंग, महिंद्रा ग्रुप, मेफेयर, मैकडोनाल्ड, लाइट बाइट, रिलायंस ग्रुप, बीकानेरवाला, बीएनआर चाणक्या जैसी प्रतिष्ठित होटल एवम् सेवा क्षेत्रों ने शिरकत की आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में एक्सेकुटिव, मैनेजमेंट ट्रेनी, होटल ऑपरेशन्स ट्रेनी तथा एसोसिएट पद पर छात्रों का शतप्रतिशत चयन हुआ।

**स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2025 का वक्तव्य :** स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2025 विजेता सुश्री बिदिशा रे ने भावुक होते हुए बताया कि यह पल मेरे लिए अत्यंत विशेष और विनम्रता से भरपूर है तथा यह पुरस्कार प्राप्त करना केवल मेरा व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि यह उस अद्भुत सहयोग और मार्गदर्शन का प्रतीक है जो मुझे आईएचएम रांची की इस प्रेरणादायक यात्रा में मिला।

## प्रखंड के 260 नये मंईयां योजना लाभुकों का आधार बैंक खाता से जोड़ा गया



इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के सभी पंचायतों सचिवालयों में मंगलवार को प्रशासन द्वारा आधार मैपिंग सिटिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री मईया सम्मान के लिए 260 नये लाभुकों का आधार बैंक खाता से जोड़ा गया। प्रखंड में 535 लाभुकों के आधार को बैंक खाता से जोड़ने का लक्ष्य था। जिसमें पुरियो पंचायत में 11, गड़गांव 34, इटकी पूर्वी 43, इटकी पश्चिमी 14, कुल्ली 17, कुंदी 30, कुर्गी 33, मल्टी 56 और रानीखटंगा पंचायत में 22 लाभुकों का आधार से खाता में जोड़ा गया।

## लापुंग में आधार सीडिंग कैंप का आयोजन



लापुंग (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के आलोक में महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा 18 वर्ष से 50 वर्ष के महिलाओं को 2500 रु0 प्रतिमाह सम्मान राशि आर्थिक सहायता दिया जा रहा है। इसमें आधार सीडिंग के लिए लापुंग वीके सभी पंचायत सचिवालय में 29 अप्रैल को कैंप के माध्यम से सभी का आधार सीडिंग के लिए सैकड़ो महिलाएं लाइन मे लग कर अपनी बारी इंतजार करते देखा गया। इसमें लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत सचिवालय में मुखिया सविता उरांव, पंचायत सचिव, जन सेवक पंचम टाना भगत, एबीआई के सीएसपी संचालक बोआस बारला, ग्रामीण बैंक के सुमित्रा देवी आधार सीडिंग करते देखे गये। इसके अलावे जे से एल पी एस की आधार सीडिंग बने महिलाओं का सहयोग करते देखा गया। सिंगल खाता मे यह राशि जायेगा। मालगो, बोकरंदा, हुलसु, महुगांव, दाड़ी, ककरिया, लातरातु, देवगांव, दोलैचा, दानेकेरा, सापुकेरा मे सभी कैंप में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## बेड़ो में मॉडिफाइड स्पीड बाइकर्स की खैर नहीं, होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी



बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में अब मनचलो मॉडिफाइड बाईकर्स की खैर नहीं। मंगलवार की दोपहर को बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने मॉडिफाइड बाईकर्स पर नकेल कश्ते हुए तीन बाइक को जब्त कर थाना ले आये हैं। मॉडिफाइड बाइक को जप्त किए जाने के बाद थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि थाना क्षेत्र में आए दिन नवयुवक लड़के मॉडिफाइड बाइक में तेज गति से इधर-उधर घूमते नजर आते हैं। जिससे हमेशा ही सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है। वहीं सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत मंगलवार को अलग-अलग सड़कों से तीन मॉडिफाइड बाइक को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि मॉडिफाइड बाइक वाले युवक सड़क पर अपनी बाइक को कम रफ्तार में चलाएं, जिससे आपकी जान माल की सुरक्षा बनी रहे। इसके अलावा उन्होंने मॉडिफाइड बाईकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि अब से बेड़ो में मॉडिफाइड स्पीड बाइकर्स की खैर नहीं, मॉडिफाइड बाइकर्स पकड़े जाने पर तत्काल उन पर कार्रवाई की जायेगी।

## मंईयां सम्मान योजना में आधार सीडिंग के लिए सैकडों महिलाओं की लगी लाइन




लापुंग (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के आलोक में महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को 2500 रु0 प्रतिमाह सम्मान राशि आर्थिक सहायता दिया जा रहा है। इसमें आधार सीडिंग के लिए लापुंग वीके सभी पंचायत सचिवालय में 29 अप्रैल को कैंप के माध्यम से सभी का आधार सीडिंग के लिए सैकड़ों महिलाएं लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते देखा गया। इसमें लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत सचिवालय में मुखिया सविता उरांव, पंचायत सचिव, जन सेवक पंचम टाना भगत, एबीआई के सीएसपी संचालक बोआस बारला, ग्रामीण बैंक के सुमित्रा देवी आधार सीडिंग करते देखे गये। इसके अलावे जेसेलपीएस की आधार सीडिंग बनी महिलाओं को सहयोग करते देखा गया। इसके अलावे मालगो, बोकरंदा, हुलसु, महुगांव, दाड़ी, ककरिया, लातरातु, देवगांव, दोलैचा, दानेकेरा,सापुकेरा मे सभी कैंप में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## कांके विधायक ने वसीम अकरम को प्रेस सलाहकार नियुक्त किया



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। कांके विधानसभा के विधायक सुरेश बैठा ने पत्रकार वसीम अकरम को अपने विधानसभा क्षेत्र का प्रेस सलाहकार नियुक्त किया है। विधायक ने कहा कि पत्रकार वसीम अकरम ने पत्रकारिता के क्षेत्र मे अपनी एक पहचान बनायी है। कांके विधानसभा क्षेत्र में अपनी पत्रकारिता के माध्यम से सामाजिक कार्य लंबे समय से कर रहे हैं। इनके पिता स्वर्गीय शमीम अहमद अपना पूरा जीवन पत्रकारिता को समर्पित कर दिये थे। मुझे आशा है कि वसीम अकरम भी मेरे प्रेस सलाहकार के रूप मे अपने विधानसभा क्षेत्र की चौमुखी विकास में अपना अहम योगदान देंगे। पत्रकार वसीम अकरम को कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेस सलाहकार बनने पर कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, जीप सदस्य हीना परवीन, पूर्व जीप सदस्य हकीम अंसारी, ऐनुल हक अंसारी, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, मुस्ताक आलम, मनीष महतो, गौरी शंकर महतो और प्रशांत बैठा ने बधाई दी है।

## बेड़ो के जमनी पंडरा गांव जानेवाली सड़क बदहाल



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हरिहरपुर जमटोली पंचायत के बैरटोली गांव से जमनी पंडरा गांव तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है। इससे वहां की बड़ी आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह पथ कई गांवों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाला मुख्य संपर्क पथ है। इसके बावजूद कई वर्षों से यह पथ उपेक्षित पड़ा हुआ है। सड़क की कुल लंबाई लगभग पांच किमी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं और गिट्टी निकली हुई है। सड़क की खस्ताहाल को देखते हुए लोगों ने अब इस सड़क से आना-जाना छोड़ दिया हैं। खराब सड़क होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़क का निर्माण कई वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन इसकी एक बार भी मरम्मत नहीं करायी गयी है। यदि सड़क की मरम्मत हो जाये, तो आवागमन में सहूलियत हो जायेगी।

## नामकुम रेलवे स्टेशन से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

नामकुम (आजाद सिपाही)। मंगलवार को नामकुम रेलवे स्टेशन से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष के आसपास है। उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है और आसपास के थानों व क्षेत्रवासियों को सूचना दी गयी है। जीआरपी का कहना है कि प्रथम द्दष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने शव को रिम्स भेज दिया है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच जारी है।

# सीआरसी रांची ने 15 दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच वितरित किया स्पोर्टव्हील चेयर

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** सीआरसी रांची ने मंगलवार को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 15 दिव्यांग खिलाड़ियों को स्पोर्ट व्हीलचेयर प्रदान की। यह वितरण सीआरसी रांची और पीएमडीके (एलिम्को) रांची के संयुक्त प्रयास से किया गया। झारखंड में यह पहली बार है जब दिव्यांग खिलाड़ियों को विशेष रूप से खेलों के लिए डिजाइन की गयी व्हीलचेयर दी गयी है। इन स्पोर्ट व्हीलचेयर की मदद से दोनों पैरों से दिव्यांग खिलाड़ी अब बास्केटबॉल, बैडमिंटन जैसे इनडोर खेलों को सहजता से खेल सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य खिलाड़ियों की खेल क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के निःशक्तता आयुक्त अभय नंदन अंबष्ट, आईएएस थे। उन्होंने खिलाड़ियों को व्हीलचेयर वितरित करते हुए उनके साहस और प्रतिबद्धता की सराहना की तथा उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पैरा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। सीआरसी रांची के निदेशक सूर्यमणि प्रसाद ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम इन खिलाड़ियों को ऐसी सुविधा प्रदान कर पा रहे हैं, जिससे न केवल उनका खेल प्रदर्शन बेहतर होगा, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीआरसी हमेशा दिव्यांगजनों के लिए नयी-नयी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रयासरत है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कोलंबिया में आयोजित एशियन चैम्पियनशिप 2025 में झारखंड के पैरा थ्रोबॉल खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण भारत ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीता था। इसके साथ ही 13वें राष्ट्रीय पैरा खेलों में राज्य की सीटिंग वॉलीबॉल टीम ने महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया। झारखंड राज्य पैरा थ्रोबॉल के कोच व राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान मुकेश कंचन ने कहा सीआरसी रांची की यह पहल हमारे लिए प्रेरणादायक है। स्पोर्ट व्हीलचेयर मिलने से खिलाड़ियों को खेल में नयी ऊंचाइयों को छूने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर पीएमडीके (एलिंको) के कनीय प्रबंधक संजय मंडल, डॉ प्रीति तिवारी, मुकेश कुमार, राजी अहमद, बसंत प्रधान, रंजीत रंजन समेत कई गणमान्य अतिथि और पैरा खिलाड़ी उपस्थित थे।

## उषा मार्टिन में आयुर्वेद चिकित्सा का मेगा कैंप आयोजित, 120 मरीजों का हुआ इलाज

**आयुर्वेदिक पद्धति से भारतीय चिकित्सा को बढ़ावा देने का प्रयास**

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को कंपनी परिसर में एक आयुर्वेदिक मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 120 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गयी। यह शिविर साईं बालाजी धन्वंतरी आयुर्वेदिक अस्पताल और शालिनी अस्पताल के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में आयुर्वेद एवं पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. ऋषि ने कर्मचारियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद जीवन का विज्ञान है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर बीमारियों की रोकथाम करता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी जीवनशैली में बदलाव कर आयुर्वेद से निरोग रहने का लाभ उठाएं। एचआर एंड आईआर हेड एनएन झा ने कहा कि आयुर्वेद एक प्रभावी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है, जो शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ करने में मदद करती है। उषा मार्टिन के सीएसआर कार्यक्रम के तहत विभिन्न पद्धतियों एलोपैथी, होम्योपैथी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर आधारित शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिनका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

## शिव भोक्ता और महिला सोकताइनों ने अंगारों पर नंगे पांव चल कर फूलखुंदी को किया पूरा



इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी के मुख्य शिव मंदिर प्रांगण में ऐतिहासिक और प्राचीन मंडा पूजा में मंगलवार की रात सैंकड़ों शिव भोक्ता और महिला सोकताइनों ने दहकते आग के अंगारों पर नंगे पांव चलकर फूलखुंदी रश्म को पूरा किया। इस दौरान शिव भक्त और सोकताईन माथे में कलश लेकर दहकते आग के अंगारों पर ऐसे चल रहे थे मानों अंगारा नहीं फुल हो। पूजा अनुष्ठान की शुरूआत सुबह नगर भ्रमण के साथ भिक्षाटन कर किया गया। इसके बाद कतारबद्ध और अनुशासित होकर स्थानीय तलाब में पहुंचे और स्नान के बाद भोकताओं ने लोटन सेवा कर भगवान शिव की आराधना की। फिर पुनः तालाब में स्नान कर धुआं-सुआं का रश्म को पूरा किया। रात करीब नौ बजे भोक्ता और सोकताइनों ने तलाब में स्नान कर गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे।

# कैंब्रिज तकनीकी संस्थान के 67 विद्यार्थियों का एमआरएफ लिमिटेड में कैंपस सिलेक्शन

**तेलंगाना में होगी पोस्टिंग, तीन माह की ट्रेनिंग के दौरान मिलेगा 2.46 लाख रुपये का पैकेज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** कैंब्रिज ग्रुप के तकनीकी शिक्षण संस्थान कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आयी है। मशहूर टायर निर्माता कंपनी एमआरएफ लिमिटेड द्वारा आयोजित मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 67 विद्यार्थियों का चयन ट्रेनी इंजीनियर के पद के लिए हुआ है। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट निदेशक डॉ ए भट्टाचार्य ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग से 28, सिविल इंजीनियरिंग से 13, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन से 9, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से 4 और मैकेनिकल इंजीनियरिंग से 13 विद्यार्थी शामिल हैं। चयनित विद्यार्थियों को तेलंगाना के विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया जायेगा। डॉ भट्टाचार्य ने आगे बताया कि जॉइनिंग से पूर्व विद्यार्थियों को तीन महीने की ट्रेनिंग दी जायेगी, जिसके दौरान उन्हें 2.46 लाख रुपये का पैकेज मिलेगा। यह प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कंपनी के एचआर हेड गुरुवेल एस, एचआर एग्जीक्यूटिव किंग्सटन ई और शिव कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर प्रदीप करमाली, कौशिक चटर्जी और अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे। इस सफलता पर कैंब्रिज ग्रुप के सचिव अभिषेक सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों एवं प्लेसमेंट टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है।

## संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस की बैठक, 3 के बदले अब 6 मई को होगा प्रदर्शन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। संविधान बचाओ रैली को लेकर मंगलवार को डाक बंगला अनगड़ा में प्रखंड कांग्रेस कमिटी की एक तैयारी बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि ग्रामीण जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो थे। अध्यक्षता प्रखंड संयोजक एतवा उरांव ने तथा संचालन राजेंद्र मुंडा ने किया। मौके पर राकेश किरण महतो ने कहा कि यह रैली देश के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे हमले के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार न्यायपालिका की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकारों और लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रही है। बेरोजगारी, महंगाई और आतंकवाद जैसी मुद्दों को नजरंदाज कर भाजपा सिर्फ अपना एजेंडा जनता के उपर जबरन थोपना चाहती है। कहा कि कांग्रेस इस रैली के माध्यम से जनता की आवाज को बुलंद करेगी। उन्होंने 6 मई को आयोजित संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए भारी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर प्रखण्ड पर्यवेक्षक मनोज लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुण्डा, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप साहू, महिला अध्यक्ष सरिता देवी, फारूक खान, साकिर अंसारी, शिवदास गोस्वामी, विश्राम महतो, छोटेलाल महतो, अजय उरांव, रोहित नायक सहित सैकडों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए आधार सीडिंग शिविर



नामकुम (आजाद सिपाही)। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड, रांची द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए मंगलवार को नामकुम प्रखंड के सभी 23 पंचायतों में आधार सीडिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किये गये, जिसमें भारी संख्या में लाभुकों ने भाग लिया और अपने बैंक खाते को आधार से जोड़ा। गौरतलब है कि 18 से 50 वर्ष की महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण स्तर में सुधार, आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार द्वारा यह योजना शुरू की गयी है। इसके अंतर्गत लाभुक महिलाओं को दिसंबर 2024 तक 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। अप्रैल 2025 से इस सहायता राशि का भुगतान केवल आधार लिंक सिंगल बैंक खाता के माध्यम से किया जायेगा। इसी क्रम में आधार सीडिंग अनिवार्य कर दी गई है। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड शत्रुंजय कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग रांची रवि शंकर मिश्रा, प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी तपन प्रसाद साहू, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, आंगनबाड़ी सेविकाएं और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सफाई के नाम पर खानापूर्ति बंद करें नगर परिषद : रमेश

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला नगर परिषद सफाई के नाम पर खानापूर्ति बंद करें। जब वो पूरे शहरी इलाके के नागरिकों से होल्डिंग टैक्स की वसूली करती है, तो सुविधा भी सभी को देनी चाहिए। इसलिए सफाई व्यवस्था में जल्द सुधार करें अन्यथा खिलाफत को लेकर आवाज उठाई जाएगी। उक्त बातें चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कही। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पाया गया कि शहर में गंदगी का अंबार है। विशेषकर पालकोट रोड में पेट्रोल पंप के आगे सफाई कर्मी जाते ही नहीं है। जबकि उस मार्ग में कॉलेज से लेकर बड़े-बड़े व्यापार के सेक्टर है। बावजूद नप उदासीन रवैया अपना रहा है। जब टैक्स वसूला जा रहा है, तो सुविधा भी मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासक और सिटी मैनेजर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शहर को साफ व स्वच्छ बनाने की अपील की है।

## मुख्तार आलम की पहल से सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

गुमला। असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य मुख्तार आलम ने एक जरूरतमंद महिला किसान को डिप बोरिंग योजना का लाभ दिलाने के लिए जिला गव्य विकास विभाग से प्रक्रिया प्रारंभ करवायी है। यह कदम गुमला जिला के ग्राम खरका की एक महिला किसान की ओर से उठाई गयी पानी की गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में अहम माना जा रहा है। मुख्तार आलम ने बताया कि उक्त महिला किसान अपने घर में कई गाय-बैल और अन्य पशु-पक्षियों का पालन करती हैं, लेकिन पानी की उचित व्यवस्था न होने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना



पड़ रहा है। खासकर गर्मी के इस मौसम में पशुओं को पानी पिलाना बेहद कठिन हो गया है। सरकार की डिप बोरिंग योजना उन किसानों के लिए राहत का माध्यम है जो पशुपालन और खेती करते हैं, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने से परेशान हैं। झारखंड सरकार द्वारा इस योजना के तहत 90 प्रतिशत अनुदान राशि दी जाती है, ताकि जरूरतमंद किसान अपने खेत और पशुओं के लिए पानी की स्थायी व्यवस्था कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड सरकार की यह एक सराहनीय पहल है, जो सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहायक है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की निरंतर इस दिशा में सक्रिय हैं और सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठकें कर रही हैं, ताकि विभाग की योजनाएं हर पंचायत और गांव तक पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद लाभ से वंचित न रह जाये।

## शहर में अतिरिक्त पानी टंकी का निर्माण अधर में : शैल मिश्रा




गुमला (आजाद सिपाही)। धूप की तपिश के साथ शहर में पेयजल के किल्लत की आहट सुनाई देने लगी है। उपायुक्त के पहल पर नगर में पेयजलापूर्ति का जिम्मा नगर परिषद को सौंपने की कवायद भी शुरू हो चुकी है। लेकिन अहम जनसुविधाओं से सदैव विमुख रह रहे नप प्रशासन भीषण गर्मी में आम जनता की प्यास बुझा पाने में कामयाब होगी या नहीं इसमें संशय बरकरार है। वार्ड संख्या 21 की निवर्तमान पार्षद शैल मिश्रा ने कहा कि शहरी क्षेत्र में आवश्यकता के अनुरूप अतिरिक्त पानी टंकी का निर्माण किया जाना अभी भी अधर में लटका हुआ है। नगर के विभिन्न वार्डो के कई मुहल्लों में अभी भी पेयजलापूर्ति पाइप लाइन का विस्तारीकरण नहीं हो पाया है। नगर परिषद द्वारा इस बाबत डीपीआर संबंधित विभाग को भेज दिये जाने की बात कही जाती है, लेकिन पिछले पांच वर्षों में भी इस दिशा में कार्य प्रगति नहीं होना विभागीय निष्क्रियता को दर्शाता है। शहर के मुख्य पथों में शुमार पालकोट रोड़ में नये पाइप लाइन का विस्तारीकरण नहीं होने के कारण इस सड़क के आधे भाग में पिछले 12 वर्षों से जलापूर्ति बाधित है।

## चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ 4 को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 4 मई दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच और उनका इलाज किया जायेगा।





























































आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# महुदा गोलीकांड मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** पदुगोड़ा रेलवे क्रॉसिंग के समीप निमार्णाधीन अंडरपास पर काम कर रहे मजदूरों पर हुई अंधाधुंध फायरिंग के मामले में महुदा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपी अशोक राय को बिहार के मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मंजलिश माधो गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अशोक राय की गिरफ्तारी मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर रामपुरदड़ी थाना की सहायता से की गयी। महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 फरवरी की रात पदुगोड़ा स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप अपराधियों ने अंडरपास निर्माण कार्य में जुटे मजदूरों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं, जिसमें दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये थे।घटना की प्राथमिकी तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज के मालिक योगेंद्र शर्मा द्वारा महुदा थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ दर्ज कराई गयी थी। पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू की और लालबंगला स्थित पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और बाइक नंबर के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचने की रणनीति बनायीर। पुलिसिया पूछताछ में अशोक राय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। मामले का मुख्य साजिशकर्ता अजित सिंह उर्फ अजित राय, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है, अभी फरार है। महुदा पुलिस ने उसके शीघ्र गिरफ्तारी का दावा किया है। इस गिरफ्तारी से महुदा गोलीकांड मामले में अहम मोड़ आया है और पुलिस अब मुख्य आरोपी की तलाश में दबिश तेज कर दी है।



आरोपी अशोक राय।

बीसीसीएल मेंस नेशनल टेनिस टूर्नामेंट 2 से 9 मई तक

# कोयला भवन में डायरेक्टर ने टी-शर्ट का अनावरण किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में झारखंड टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित आगामी 2 से 9 मई तक धनबाद में मेन्स नेशनल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। जानकारी धनबाद टेनिस संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने दी। झारखंड टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित आठ दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी धनबाद टेनिस एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है जिसमें विभिन्न राज्यों से लगभग सौ पुरुष टेनिस खिलाडी भाग लेंगे। इसी क्रम में बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में डायरेक्टर पर्सनेल मुरली कृष्णा रमैया ने प्रतियोगिया का टी-शर्ट का अनावरण किया गया। मौके पर झारखंड टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# दो भाइयों ने प्रेमिकाओं संग की कोर्ट मैरिज, थाना पहुंच कर मांगी सुरक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** प्रेम की मिसाल पेश करते हुए महुदा थाना क्षेत्र के तारगा पंचायत निवासी पप्पू कुमार उर्फ भुवनेश्वर के दो बेटों ने मंगलवार को अपने-अपने प्रेम संबंधों को शादी में बदल दिया। बड़े बेटे बिट्टू कुमार (28) ने पुटकी की लक्ष्मी कुमारी से तो छोटे बेटे हर्ष कुमार (23) ने भेलाटांड की जसपित कौर (25) से धनबाद कोर्ट में शादी रचायी। कोर्ट मैरिज के बाद दोनों जोड़ों ने एक नजदीकी मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह संपन्न किया और फिर महुदा थाना पहुंचकर पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में लड़कियों ने बताया कि वे बालिग हैं और अपनी स्वेच्छा से विवाह की हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अपने-अपने परिवारों को जानकारी देने के बावजूद परिजनों की सहमति नहीं मिल सकी, जिससे उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। **थाना प्रभारी का बयान:** महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि दोनों जोड़ों ने विधिवत विवाह किया है और दोनों लड़कियां बालिग हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह विवाह उनकी स्वेच्छा से हुआ है। थाने में सुरक्षा की मांग की गयी है, जिस पर हम कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कर रहे हैं। **स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया:** गांव के ही पूर्व मुखिया परमेश्वर रवानी ने कहा कि आजकल के बच्चे पढ़े-लिखे हैं और अपने फैसले खुद ले रहे हैं। अगर दोनों पक्ष बालिग हैं और रजामंदी से साथ रहना चाहते हैं तो समाज को भी समझदारी दिखानी चाहिए। हालांकि कुछ लोगों ने परिवार से विमुख होकर लिए गये इस फैसले पर चिंता भी जतायी है, लेकिन अधिकतर ग्रामीणों ने विवाह के बाद प्रेमी युगलों की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की कामना की है। नवविवाहितों की अपील: दोनों जोड़ियों ने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया कि उन्हें और उनके वैवाहिक जीवन को किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसलिए उन्हें कानूनी सुरक्षा दी जाये।

# इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन ने महिलाओं को दिया छाता




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन, डिस्ट्रिक्ट 325, चैप्टर 8181 ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए जरूरतमंदों को छाता का वितरण किया।

क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए क्लब ने जरूरतमंदों, कामकाजी महिलाओं को धूप से राहत देने के लिए छाता वितरण का निर्णय लिया गया है, जो बारिश तक जारी रहेगा। क्लब का उद्देश्य न केवल जरूरतमंद महिलाओं की मदद करना है, बल्कि उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। छाता वितरण में क्लब की वाइस प्रेसिडेंट लीना झा,कोषाध्यक्ष रेनू कौशल थी।

# अक्षय तृतीया पर सेंटर प्वाइंट मॉल में कायरासंस ज्वेलर्स का होगा उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कायरासंस ज्वेलर्स ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बैंक मोड़ स्थित सेंटर प्वाइंट मॉल, ग्राउंड फ्लोर में ज्वेलरी शॉप का उद्घाटन अक्षय तृतीया, 30 अप्रैल, बुधवार को किया जायेगा। प्रेस वार्ता में राहुल व्यास ने बताया की अक्षय तृतीया के अवसर पर कायरासंस ज्वेल्स ने राज्य में सबसे कम मेकिंग चार्ज रखा है। प्लेन गोल्ड पर 499/, डिजाइनर जड़े हुए आभूषणों पर 999/ रुपये है। वहीं हीरे और चांदी पर कोई मेकिंग चार्ज नहीं है। उन्होंने बताया कि बाजार में ग्राहकों की बदलती जरूरतों और इच्छाओं को देखते हुए बेहतर और खूबसूरत ज्वेलरी कलेक्शन शॉप में है, हम धनबाद में अपने खुद के ब्रांड कायरासंस ज्वेल्स को लांच करने के लिए उत्साहित हैं। हम ग्राहकों को असाधारण मूल्य और वास्तव में अद्वितीय आभूषण खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रतिस्पर्धी कीमतों के साथ हमारा अभिनव दृष्टिकोण, ग्राहकों की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित करेगा, मुंबई से आये ब्रांड के संदीप कुमार और वेंकटेश अय्यर ने कहा ने कहा कायरासंस ज्वेल्स 2015 से ही लोगों का भरोसा जीत रहा है और अपने ग्राहकों को बेहतरीन डिजाइन और बेहतरीन मूल्य प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह ब्रांड एक यादगार शॉपिंग अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो सुरुचिपूर्ण और किफायती दोनों हैं।

# जब तक प्रबंधन स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं देगा, चक्का जाम जारी रहेगा : जश्रसंघ

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** बीसीसीएल के पाथरडीह कोल वाशरी स्थित मिवान स्टील लिमिटेड (मोनेट) में जनता श्रमिक संघ के बैनर तले स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए अनिश्चिकालीन चक्का जाम आंदोलन शुरू किया गया है। जिससे प्लांट सहित ट्रांसपोटिंग ठप पड़ गया है। स्थानीय लोगो ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव मुद्रिका पासवान ने कहा कि 15 अप्रैल को बीसीसीएल प्रबंधन के साथ झरिया विधायक रागिनी सिंह के नेतृत्व में वार्ता हुई थी। जिसमे प्रबंधन में हामी भरी और वार्ता के बाद पक्षपात करते हुए अपने कथनी से पलट गया। कहा कि जबतक प्रबंधन स्थानीय बेरोजगारो को रोजगार नही देता चक्का जाम जारी रहेगा। कहा कि अस्पताल में ना ही चिकित्सक, दवा तक यहां नही है, वाशरी में प्रदूषण से भारी परेशानी हो रही है। घरों में धूलकण घुस रहा है। नाली जाम है। जब तक स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिलेगा आंदोलन जारी रहेगा।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

### —: आम सूचना :—

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि धर्मपुर बाईपास रोड में नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्मित खाली पड़े भवन को राजस्व संग्रहण की छति को ध्यान में रखते हुए स्व0–रोजगार हेतु आमजनो के लिए किराये पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः सर्वसाधारण से अनुरोध हैं कि धर्मपुर बाईपास रोड में निर्मित भवन को स्व0–रोजगार के लिए आवश्यकतानुसार किराये पर प्राप्त करने हेतु दिनांक 03.05.2025 तक इच्छुक आवेदक अपना आवेदन कार्यालय में समर्पित कर सकते है। आवेदन के साथ आवेदक को चरित्र प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र (यदि हो) जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त भवन का आवंटन नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित दर 8.00 वर्ग फिट के अनुसार भवन की मापी के उपरांत 11 (ग्यारह) माह के लिए आवंटित किया जाएगा। आवश्यकतानुसार अवधि का विस्तार करने का अधिकार नगर पंचायत, लातेहार को सुरक्षित होगा। विशेष जानकारी कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार से किसी भी कार्य दिवस में श्री राज कुमार वर्मा, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, लातेहार से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से आवेदक का चयन गठित समिति के समक्ष किया जायेगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 351313 (Urban Development)25-26*D


# सुनैना सिंह किन्नर पहलगाम घटना के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन और कैंडल मार्च में हुईं शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आदि गुरु सर्व विद्या ट्रस्ट इकाइ भारतीय एकता सेल सेवा सामाजिक संगठन के द्वारा रणधीर वर्मा चौक में मंगलवार संध्या संध्या पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों की जघन्य हत्या की विरोध में आक्रोश प्रदर्शन और कैंडल मार्च निकाला गया। आक्रोश प्रदर्शन और कैंडल मार्च में उपस्थित अखिल भारतीय किन्नर समाज की धनबाद जिला अध्यक्ष सुनैना सिंह किन्नर ने पाकिस्तान की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान मुर्दे के नारे लगाये और कहा कि जरूरत पड़ने पर किन्नर समाज हमारी भारतीय सेना के साथ मिलकर पाकिस्तान और आतंकवादियों को खत्म करने में भरपूर साथ देगी। आक्रोश प्रदर्शन में रंजन गुप्ता, मनोज कुमार, उदय कुमार समेत संगठन के सदस्य और रणधीर वर्मा चौक के समीप के दुकानदार शामिल थे।

ओड़िशा की खबर

# आयुष्मान योजना में लाभार्थियों की उपेक्षा की गयी तो होगी सख्त कार्रवाई: मुकेश महालिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आयुष्मान कार्ड को लेकर विवाद पीछा नहीं छोड़ रहा है। इलाज के लिए अस्पताल जाते समय मरीजों को परेशान किये जाने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंगा ने कहा है कि आयुष्मान कार्ड में कोई विवाद नहीं है। उत्पन्न होने वाली किसी भी तकनीकी समस्या को हल करने के लिए चर्चा चल रही है। इसी तरह निजी अस्पतालों का पैकेज बढ़ाने की मांग पर भी विचार किया जायेगा। विभिन्न प्राप्त सुझावों के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए विचार-विमर्श चल रहा है। चूंकि यह प्यान इंडिया कार्ड है, इसलिए इसमें नेटवर्क और ओटीपी संबंधी समस्याएं हैं। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए चर्चा जारी है। मुकेश महालिंगा ने कहा कि यदि मरीज की उपेक्षा की गई तो कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। इस बीच, बीजद ने कहा कि आयुष्मान कार्ड लागू होने के बाद अब मरीज परेशान हो रहे हैं। विपक्ष की नेता प्रमिला मलिक ने कहा है कि सरकार को अब कदम उठाकर समस्या का समाधान करना चाहिए। इस बीच, कांग्रेस नेता अशोक दास ने कहा कि आयुष्मान कार्ड को लेकर कई समस्याएं हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –02/2025–26

1. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक–05-05-2025 से दिनांक–06-05-2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक– 07.05.2025 (अपराह्न **3.00** बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :–दिनांक–07.05.2025 (अपराह्न **3.30** बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(क)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
(ख)जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय कोडरमा (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) | अग्रधन की राषि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डोमचाँच प्रखण्ड के डोमचाँच दक्षिणी–03 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2 | डोमचाँच प्रखण्ड के महेषपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 3 | डोमचाँच प्रखण्ड के डोमचाँच उत्तरी–2 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 4 | डोमचाँच प्रखण्ड के जमडीहा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 5 | कोडरमा प्रखण्ड के इन्दरवा हरिजन टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 6 | कोडरमा प्रखण्ड के गुमो हरिजन टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 7 | कोडरमा प्रखण्ड के बजरंग नगर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 8 | कोडरमा प्रखण्ड के दर्जी चौक मुस्लिम टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 9 | कोडरमा प्रखण्ड के महाबीर टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 10 | कोडरमा प्रखण्ड के सुन्दर नगर डोम टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 11 | कोडरमा प्रखण्ड के झुमरी –1 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण काय | 524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 12 | कोडरमा प्रखण्ड के चिलगलाबार पष्चिमी टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण काय | 524800.00 | 30500.00 | 5000.00 | 6 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा

PR 351370 (Rural Work Department)25-26*D


# रैयतों ने बाघमारा सीओ की शवयात्रा निकाल कर अंचल कार्यालय के समक्ष किया पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बाघमारा सियो और रैयतों के बीच चल रहे विवाद अब उग्र रूप होते दिख रहा है। मंगलवार को ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले बाघमारा अंचल कार्यालय परिसर में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर रहें रैयतों ने अपनी बात राज्य सरकार तक पहुंचाने और अपना-अपना जमीन संबंधी समस्या का निराकरण कराने के लिए आंदोलन का नया तरीका अपनाते हुये बाघमारा इंद्रा चौक से अंचल कार्यालय तक सीओ बाल किशोर महतो के पुतला के साथ ढ़ोल बाजे के साथ शव यात्रा निकाला और अंचल कार्यालय के समक्ष पुतला दहन किया। साथ ही पर्चा बांटते हुए यह भी बता रहें थे की सीओ का पुतला शव यात्रा क्यों निकाल रहें है? फिर प्रेस को संबोधित करते हुये ग्राम स्वराज अभियान के संयोजक शंकर कुमार महतो और जगत महतो ने सीओ पर कई गंभीर आरोप लगाते हुआ कहा कि सीओ की मनमानी नहीं चलने दी जायेगी, जिन रैयत का आवेदन पहले आया है, उसका निष्पादन भी नियमानुसार पहले होना चाहिए, परंतु सीओ गरीब रैयतों से मोटी रकम के लिए सारा मामला लटका कर रख देते है, एक सप्ताह के अंदर सारे रैयतों का काम नहीं होने पर अगले मंगलवार को पुनः सीओ का शवयात्रा निकाला जायेगा। इस दौरान रैयत सियो बाल किशोर महतो पर उनके काम के बदले घुस मांगने के खिलाफ जमकर नारे-बाजी भी कर रहें थे और उसे निलंबित करने की मांग कर रहें थे। वही बाघमारा सियो बालकिशोर महतो ने बताया कि इनके द्वारा लगाये गये सारे आरोप निराधार है गलत करने वालो पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शवयात्रा आंदोलन में ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो, विकास महतो, शंकर महतो, विकास रजवार, रैयत कमल महतो, मुसीब अख्तर खान, मणिलाल साव, दिलीप महतो, गौरी लाल महतो, प्रदीप रजवार, रुपेश रवानी सहित कई लोग शामिल हुए।

### निवर्तमान पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिला

# देवघर की समस्याओं पर चर्चा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** देवघर नगर निगम के निवर्तमान पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नगर आयुक्त से मिल कर नगर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। वार्ड पार्षद मृत्युंजय राउत ने बताया कि एमएसएडब्ल्यू द्वारा डोर स्टेप कूड़ा का नियमित उठाव नहीं करना, कूड़ा उठाव के लिए लगाये गये टीपर की संख्याओं में वार्डवार कमी करना, मानव बल की उपलब्धता में भारी कमी है, जिससे जनसुविधाओं और स्वच्छता कार्य में भारी अनियमितता दिख रही है। नगरवासी इसके लिए तयशुदा राशि प्रतिमाह भुगतान भी करते हैं, फिर भी उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। देवघर एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल है। निगम के कुछ आधिकारियों की मिलीभगत से एमएसएडब्ल्यू द्वारा की जा रही बिलिंग और कार्यों को बिना जांचे भारी मात्रा में निजीस्वार्थवश राजस्व की क्षति पहुंचायी जा रही है।

निवर्तमान पार्षदों ने आवेदन के माध्यम से इस गंभीर विषय पर कार्रवाई की मांग की है। निवर्तमान पार्षद रवि राउत ने नगर के अधिकांश पोल लाइट खराब होने एवं लाइट से संबंधित सामग्री उपलब्ध नहीं होने कारण, लाइट ठीक होने में हो रही देरी पर प्रकाश डाला। नगर क्षेत्र में जुडको द्वारा पानी के लिए बिछायी गयी पाइपलाइन के ऊपर की गयी ढलाई उच्च गुणवत्ता के नहीं होने के कारण पूरी सड़क कमजोर हो गयी है, जो टूट कर गड्ढों में तब्दील हो गयी है और हादसे को आमंत्रण दे रही है। इसके अलावा प्रधानमंत्री शहरी आवास, मंईयां योजनाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गयी।

नगर आयुक्त ने निगम में फंड की कमी का हवाला दिया। उन्होंने पार्षदों को आश्वाशन दिया कि फंड आते ही जनहित के सभी कार्य निष्पक्ष और समय से किये जाने के लिए निगम प्रतिबद्ध है। निवर्तमान पार्षदों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि हम सभी मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री और केंद्रीय नगर विकास मंत्री से आग्रह करेंगे कि देवघर नगर निगम से जुड़ी विकास की राशि को समय से निर्गत किया जाये, ताकि लाभुकों को सरकारी सुविधाएं निर्बाध रूप से मिलती रहें। प्रतिनिधिमंडल में निगम के निवर्तमान जोनल चेयरमैन रवि राउत, कन्हैया झा, मृत्युंजय राउत, निवर्तमान पार्षद प्रेमानंद वर्मा, सुधीर पासी, दिनेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि अनुज राउत, अनूप बर्नवाल और सुमन पंडित शामिल थे।

### देवघर में 11वीं जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू


# आप मेडल के पीछे नहीं भागें, अपना बेस्ट दें, प्रेशर नहीं लेना है : डॉ सुनील खवाड़े

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**देवघर।** देवघर जिला एथलेटिक्स के तत्वावधान में मंगलवार को 11वीं जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज केकेएन स्टेडियम में हुआ। इसमें जिला भर से कुल 312 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बारिश के चलते काफी विषम परिस्थिति बन गयी थीं, पर ऑफिशियल के अथक प्रयास से पहले दिन का खेल समय पर सारा खेल संपन्न करा कर विजेता को मेडल प्रदान कर दिया गया। अध्यक्ष सचिव समेत जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारी ने बच्चों को मेडल प्रदान किया।

अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े स्टेडियम में आते ही सभी खिलाड़ियों से मिल कर उत्साह बढ़ाया और कहा कि आप मेडल के पीछे नहीं भागें, आप अपना बेस्ट दें। प्रेशर नहीं लेना है। अध्यक्ष ने कहा कि एथलेटिक्स संघ में देवघर जिला ऐसा पहला संघ बना, जिसने पूरा वर्ष का खेल कैलेंडर जारी किया। अब खिलाड़ी इसके अनुरूप तैयारी कर सकेंगे और इसके बाद में ब्लॉक में भी जायेंगे और टेलेंट लेकर आयेंगे। इस मौके पर मनोज मिश्र, आशीष झा दीपक कुमार, नीतू देवी, निक्की झा, राजेश मिश्र, प्रकाश भारद्वाज, बंटी नंदन सिंह, गौरव कुमार, चंदन कुमार, रंजन कुमार, रजनी कुमारी, साहिल खान, सरफराज अंसारी, कुंदन कुमार, बसंती मरांडी, रजनी कुमारी, दीपिका कुमारी प्रमोद यादव, राहुल राय, अखिलेश राजभर इत्यादि मौजूद थे।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**